हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

बड़े पर्दे के बाद अब नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई आलिया भट्ट की जिगरा



www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 11 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 287, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## 'जॉय बांग्ला' अब बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाई



**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 'जॉय बांग्ला' को राष्ट्रीय नारा घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गठित अंतरिम सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद की अध्यक्षता वाली अपीलीय प्रभाग की पीठ ने अंतरिम सरकार की याचिका पर सुनवाई की। अंतरिम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से हाई कोर्ट के फैसले पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने 10 मार्च, 2020 को 'जॉय बांग्ला' को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित किया था। हाई कोर्ट ने इस घोषणा के साथ सरकार को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया था, ताकि इस नारे का इस्तेमाल राजकीय समारोह और शैक्षणिक संस्थानों की सभाओं में किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले पर अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अनीक आर हक ने कहा कि अपीलीय डिवीजन के आदेश के बाद 'जॉय बांग्ला' को अब राष्ट्रीय नारा नहीं माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि जॉय बांग्ला यानी (जय बांग्ला) नारे का प्रयोग सबसे पहले बांग्लादेश के स्वाधीनता संग्राम के समय मुक्ति वाहिनी संगठन ने किया। इसके बाद जियाउर रहमान ने बांग्लादेश के स्वाधीनता की घोषणा करते हुए यह नारा लगाया था।

## कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड, सोनमर्ग और गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे



**एजेंसी, श्रीनगर** । कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, क्योंकि न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। श्रीनगर और कई अन्य स्थानों पर आसमान साफ रहने के कारण इस मौसम का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। रात का तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 से 5.7 डिग्री कम रहा। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 3.3 डिग्री सेल्सियस था।

## फिलीपींस में ज्वालामुखी विस्फोट से हाहाकार, 54 हजार लोग प्रभावित

**एजेंसी, मनीला**



फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी फटने से नेग्रोस द्वीप समूह के हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों ने कनलाओन ज्वालामुखी के छह किलोमीटर दायरे में रह रहे लगभग 54 हजार लोगों को फौरन अन्यत्र चले जाने को कहा है। सोमवार अपराह्न 3:03 बजे इस ज्वालामुखी के शिखर पर शक्तिशाली विस्फोट होने से यह नौबत आई। पलक झपकते ही राख का गुबार 3,000 मीटर ऊपर उठ गया। यह राख का गुबार पश्चिम और दक्षिण पश्चिम दिशा पर फैल गया। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के प्रमुख टेरेसिटो बैकोलकोल ने सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि खतरा अभी टला नहीं है। इसमें दोबारा और शक्तिशाली विस्फोट हो सकता है। फिवोलक्स ने कहा कि ज्वालामुखी के शिखर से छह किलोमीटर के क्षेत्र को फौरन खाली करा लेना चाहिए। यहां के लोगों को तुरंत सुरक्षित निकालना होगा। अगर बरसात होती है तो स्थिति और खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले यह ज्वालामुखी इसी साल 3 जून को फटा था। तब भी लोगों को सचेत करते हुए एहतियाती कदम उठाने के लिए कहा गया था। फिलस्टार ग्लोबल समाचार पत्र के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि ज्वालामुखी की राख श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म दे सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक के पूर्व सीएम एसएम कृष्णा का निधन



**एजेंसी, बेंगलुरु** । कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व विदेशमंत्री एसएम कृष्णा का आज तड़के निधन हो गया। उन्होंने 92 साल की आयु में यहां अपने घर पर आखिरी सांस ली।। वह लंबे समय से बीमार थे। केंद्र सरकार ने पिछले साल उन्हें पद्म विभूषण से अलंकृत किया था। वो इस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े थे। उनके निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत भाजपा और कांग्रेस के अनेक नेताओं ने शोक जताया है। एसएम कृष्णा ने 1999 से 2004 तक कर्नाटक की बागडोर संभाली। वो मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में विदेश मंत्री भी रहे।

### राज्यसभा: सभापति के खिलाफ विपक्षी गठबंधन लाया अविश्वास प्रस्ताव



**एजेंसी, नई दिल्ली।** विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी और कहा कि यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के महासचिव को सौंपा गया है। जयराम रमेश ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन की सभी पार्टियों के पास इसके अलावा कोई विकल्प मौजूद नहीं था। हम औपचारिक तौर पर राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अत्यधिक पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन को संचालित करने के चलते यह प्रस्ताव लाये हैं।

### तुर्किये की सेना ने सीरिया के अलेप्पो में बमबारी की, पांच बच्चों की मौत



**एजेंसी, दमिश्क** । विद्रोहियों के नियंत्रण और राष्ट्रपति के भाग जाने के बाद भी सीरिया में बमों के धमाके गूंज रहे हैं। ताजा बमबारी में पांच बच्चे मारे गए हैं। यह बमबारी तुर्किये और उससे संबद्ध गुटों ने की है। अरबी समाचार वेबसाइट +963 ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। वेबसाइट +963 के अनुसार, देश के उत्तर में अलेप्पो गवर्नमेंट के कोबानी शहर के ग्रामीण इलाके में तुर्किये सेना और उससे संबद्ध गुटों ने सोमवार को ड्रोन से बमबारी की। इस बमबारी में पांच बच्चे मारे गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार कहा- रोजगार पर ध्यान क्यों नहीं है

# कब तक मुफ्त में राशन बांटोगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रोजगार के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाई। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि मुफ्त में राशन बांटना कोई समाधान नहीं है। बेहतर होगा की श्रमिकों और युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के विकल्प खोजे जाएं। मुफ्त की रेवडियों से किसी का भला होने वाला नहीं है। सीधे तौर पर प्रवासी मजदूरों से जुड़े एक मामले में वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ई-श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त राशन देने के बजाय हमें इन मजदूरों के लिए रोजगार के मौके और कौशल निर्माण पर काम करना चाहिए। कोर्ट ने कहा, फ्रीबीज़ कब तक दिए जाएंगे? क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें? कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि राशन का वितरण एक अस्थायी समाधान हो सकता है, जबकि रोजगार और कौशल विकास से एक स्थायी समाधान मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों द्वारा मुफ्त सुविधाओं की वितरण नीति पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी, और यह भी कि क्या अब समय नहीं आ गया है कि सरकारें रोजगार के अवसरों पर ध्यान दें। कोर्ट ने खासकर कोविड महामारी के बाद प्रवासी मजदूरों को दी जा रही मुफ्त राशन की सुविधा को लेकर चिंता जताई और सुझाव दिया कि इस समस्या का स्थायी समाधान रोजगार के अवसरों के निर्माण और कौशल विकास में है। कोर्ट ने इस बात पर भी टिप्पणी की कि यदि राज्य सरकारों को आदेश दिया जाता है कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, तो वे इसे केंद्र सरकार की जिम्मेदारी मानते हुए कार्रवाई करने से बच सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, जैसे ही हम राज्यों को आदेश देंगे कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, कोई भी यहां नहीं दिखाई देगा। वे भाग जाएंगे। राज्यों को यह पता है कि यह जिम्मेदारी केंद्र की है, इसीलिए वे राशन कार्ड जारी कर सकते हैं। वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि केंद्र अभी भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है, जबकि 2021 की जनगणना होनी चाहिए थी। उनका कहना था कि इससे प्रवासी मजदूरों की सही संख्या और उनकी वास्तविक जरूरतों का पता नहीं चल पा रहा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर कहा, हम केंद्र और राज्यों के बीच मतभेद नहीं पैदा करें, क्योंकि ऐसा करने से स्थिति और भी जटिल हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया कि वे प्रवासी मजदूरों के लिए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करें। इस प्रक्रिया से मजदूरों को केंद्र की मुफ्त राशन योजनाओं का लाभ मिलेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकारों को अपनी जिम्मेदारियों से भागने की बजाय प्रवासी मजदूरों के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए।


## हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे पर लगातार आरोप-प्रत्यारोप लगाने और शोरशराबे के कारण मंगलवार को राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उन पर आरोप दोहराए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता जॉर्ज सोरोस द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता वाली संस्था में सदस्य हैं। विपक्ष को ये साफ करना चाहिए कि जो लोग देश की सुरक्षा, संप्रभुता के लिए खतरा हैं, उन लोगों से उनका क्या रिश्ता है। देश जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें हमारे देश को अस्थिर करना चाहती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गई है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने सारे आरोपों को खारिज करते हुए इसे झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष अडाणी के मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रहा है। जगदीप धनखड़ ने अपने चैंबर में नड्डा और खड़गे के साथ बैठक की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सदन सुचारू रूप से चले। कार्यवाही शुरू होने के 6 मिनट के भीतर ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।


## कुर्ला बेस्ट बस हादसे में मरने वालों की संख्या सात हुई, घायल अस्पताल में भर्ती



**एजेंसी, मुंबई** । कुला बेस्ट बस हादसे में मंगलवार को सुबह तक मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इस घटना में 49 घायलों को कुर्ला में बीएमसी के भाभा अस्पताल और सायन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां कुछ घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये आर्थिक मदद दिए जाने की घोषणा की है। साथ ही घायलों का मुंबई नगर निगम और बेस्ट उपक्रम के माध्यम से इलाज करने का भी आदेश दिया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया है। अजीत पवार ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखदायक है। मामले की उच्चस्तरीय जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। भाभा अस्पताल के डॉ. पद्मश्री अहिरे ने बताया अस्पताल में भर्ती 49 घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। इनमें से कुछ लोगों को सायन अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। पुलिस उपायुक्त गणेश गावडे ने बताया कि इस घटना में बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

## उप्र के फतेहपुर में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**एजेंसी, फतेहपुर**



उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण को मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जिला प्रशासन ने नोटिस के बाद यह कार्रवाई की। इसके मद्देनजर मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नूरी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से को जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मदद से हटा दिया गया है। मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में पांच सीओ, 10 थाना प्रभारी, निरीक्षक, 200 सिपाही, एक कंपनी पीएसी और एक प्लाटून आरएएफ मौजूद हैं। फतेहपुर जिले के बहराइच-बांदा मार्ग (एसएच-13) के एक हिस्से के चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग किनारे के अवैध निर्माण को हटा रहा है। ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के प्रबंधन समिति को मार्ग पर अवैध निर्माण के संबंध में लोक निर्माण विभाग ने विगत 17 अगस्त को नोटिस दी थी। 24 सितंबर को ललौली कस्बे स्थित अवैध निर्माण को अभियान चलाकर लोक निर्माण विभाग ने हटा दिया था।

## इजराइल ने सीरिया के कम से कम 100 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त किया

**एजेंसी, दमिश्क**

इजराइल ने सीरिया पर आक्रमण कर मुल्क के कम से कम 100 सैन्य ठिकानों को पलक झपकते राख के ढेर में बदल दिया। सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद सपरिवार देश छोड़कर रूस भाग चुके हैं। अरबी समाचार वेबसाइट "+963" के अनुसार, इजराइली सेना ने देश के दक्षिण-पश्चिम में कुनीत्रा ग्रामीण इलाकों में जमीनी घुसपैठ के बाद सोमवार को पूर्व सीरियाई सरकार से संबंधित कई सैन्य स्थलों पर हवाई हमले किए।राजधानी दमिश्क के बरजेह क्षेत्र में रासायनिक हथियारों के उत्पादन से जुड़े एक पूर्व सरकारी स्थल के पास कम से कम दो विस्फोट किए। साथ ही दक्षिणी दमिश्क के सैय्यदा जैनब क्षेत्र के आसपास ईरानी समर्थक गुटों से संबंधित सैन्य गोदामों और मुख्यालयों को भी निशाना बनाया। वेबसाइट ने एक स्थानीय सूत्र के हवाले से कहा कि इजराइली सैन्य विमानों ने मध्य सीरिया के होम्स ग्रामीण इलाके में शायरात सैन्य हवाई अड्डे पर हमला कर बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया। इस क्षेत्र में हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाके तैनात हैं। इजराइली सेना ने उन्हें कोई क्षति नहीं पहुंचाई। इजराइल ने उत्तर-पूर्व में हसाकाह ग्रामीण इलाके में कामिश्ली हवाई अड्डे और टारटाब रेजिमेंट को भी निशाना बनाया। इसके बाद यहां कई विस्फोट हुए। देश के पूर्व में दीर एज-जोर में अल-मयादीन रेगिस्तान में ऐन अली श्राइन के पास ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक पूर्व मुख्यालय को हवाई हमला कर जमींदोज कर दिया। यहां तोपखाना स्थापित किया गया था। हमले के बाद टैंक, गोला-बारूद और खदानों में आग लग गई।इसके अलावा इजराइली लड़ाकू विमानों ने मुल्क के पश्चिम में लताकिया के बंदरगाह पर तैनात सैन्य नौकाओं और रास शामरा क्षेत्र के पास अल-बायदा के बंदरगाह में वायु रक्षा ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।



## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से झारखंड में उबाल

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची में सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के हजारों लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार और उनके मानवाधिकार हनन के खिलाफ मोरहाबादी मैदान से फिरायालाल होते हुए राज्यपाल भवन तक आक्रोश मार्च निकाला। इसके बाद मार्च राजभवन में समक्ष धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार ने किया। आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सोमा उरांव ने कहा कि आज हम सब बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को समर्थन देने के लिए एकजुट हुए हैं। साथ ही आज मांग करते हैं कि जेहादियों पर कड़ी करवाई हो। उन्होंने कहा कि आज जो स्थिति बांग्लादेश में है यदि हिन्दू समाज नहीं जागा तो झारखंड में भी वह स्थिति बहुत जल्द होगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है। इससे हम सभी आक्रोशित हैं। हिन्दू समाज बसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं लेकिन जब हमे उकसाया जाता है तो हम इसका विरोध करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद गाडयान ने कहा कि दुनियाभर के देशों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध किया है। उन्होंने पूरी दुनिया से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन के खिलाफ पूरी दुनिया आवाज उठाये। राजेन्द्र कृष्ण ने कहा कि बांग्लादेश के अस्तित्व भारत के कारण है लेकिन वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। यह बेहद अफसोसजनक है। विश्व मानवाधिकार आयोग से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। इस्कॉन के सदस्य प्रकाश ने हिंदुओं को जागने का आह्वान किया और बांग्लादेश में हो रहे क्रूरता के खिलाफ एकजुट होने पर बल दिया। विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री याज्ञवल्कय शुक्ल ने कहा कि बांग्लादेश के उदय में लाखों भारतीयों ने अपनी शहादत दी थी। आज उनके साथ अत्याचार हो रहा है। आज बांग्लादेश में एक विचार पनप गया है कि जिसकी आबादी ज्यादा होगी वह कम आबादी वाले समाज के लोगों को जिंदा रहने नहीं देंगे। भारत एक संवेदनशील देश है। दुनिया में जहां कहीं भी लोगों के साथ अत्याचार होता है भारत अत्याचार के खिलाफ उनके साथ खड़ा होता है। दूसरी ओर, सर्व सनातन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में भूतेशानन्द, सरदार बिक्रम सिंह, पवन लामा, बिनोद जैन, स्वामी परिपूर्णानंद, बिनोद जालान, राकेश लाल, पवन मंत्री, शेखर चौधरी, रवि मुंडा,बिनोद गाडयान, प्रशुन रायपत, सुनीता गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पटना समाहरणालय भवन का किया उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना समाहरणालय के नवनिर्मित भवन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उदघाटन किया। उदघाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने समाहरणालय परिसर एवं बेसमेंट का मुआयना किया। नवनिर्मित समाहरणालय भवन के बेसमेंट, भूतल से लेकर पांचवे तल तक उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं पदाधिकारियों के बैठने हेतु की गयी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों ने 'मॉडल' के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। नवनिर्मित पटना समाहरणालय परिसर के एक हिस्से में मुख्य प्रवेश द्वार के समीप, पटना समाहरणालय के पुराने भवन के अंश (8 खंभों) को लोहे के फ्रेम में संरक्षित किए गए क्षेत्र का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाहरणालय भवन के पुराने हिस्से को काफी बेहतर ढंग से संजोया गया है। पटना समाहरणालय में आनेवाले लोग इस खुले क्षेत्र में हरियाली के बीच आराम से बैठकर अपना कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे। समाहरणालय परिसर में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। समाहरणालय

» 186 करोड़ 42 लाख रुपए से भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई

भवन के भूतल की दीवार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा कही गई दो उक्तियों ('सात सामाजिक पाप' और 'पृथ्वी से हमें जो कुछ मिलता है वह हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन हमारे लालच को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है) को उत्कीर्ण कराया गया है जिसकी मुख्यमंत्री ने सराहना की। उन्होने कहा कि इससे बापू की बात नयी पीढ़ी के लोगों तक पहुँचेगी जिसका अमल कर वे सामाजिक सद्भाव कायम करने एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान देने के प्रति प्रेरित होंगे। समाहरणालय भवन के पांचवे तल पर पहुँचकर मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह के नए कार्यालय कक्ष में पहुंचकर उन्हें कुर्सी पर बैठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आप सभी



इस नवनिर्मित समाहरणालय भवन के अपने-अपने कार्यालयों में बैठकर लोगों की समस्याओं का निष्पादन करें। इसके बन जाने से लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। एक ही जगह प्रशासनिक कार्य निष्पादित होने से लोगों को भागदौड़ से निजात मिलेगी। समाहरणालय भवन के ऊपरी तल पर जाकर मुख्यमंत्री ने आस-पास के इलाकों का भी मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय भवन के पांचवें तल पर स्थित मुख्य सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष भवन निर्माण विभाग द्वारा नवनिर्मित समाहरणालय भवन के संबंध में तैयार की गई लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। नए समाहरणालय भवन के निर्माण में अहम योगदान देनेवाले पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हे सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आज पटना समाहरणालय के नवनिर्मित भवन का उदघाटन करके काफी प्रसन्नता हो रही है। हमने इसके लिए काफी प्रयास किया था और हम जैसा चाहते थे, वैसा ही यह भवन बनकर तैयार हो गया है। इस तरह का समाहरणालय भवन देश में कही नहीं है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका रख-रखाव ठीक ढंग से हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। पटना समाहरणालय भवन का काफी सुंदर तरीके से निर्माण हुआ है। यहां सौर ऊर्जा अधिष्ठापित होने से काफी फायदा होगा, इससे बिजली की बचत होगी। आज हमने जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह को उनके नए कार्यालय में बैठा दिया है। ससमय लोगों की समस्याओं का निष्पादन करना आप सभी का दायित्व है। यहां उपस्थित कई वरीय अधिकारी भी पूर्व में पटना के जिलाधिकारी रह चुके हैं। मेरी यही अपेक्षा है कि आप सभी बेहतर, पारदर्शी एवं तीव्र गति से लोगों की समस्याओं का निराकरण करें। भवन निर्माग मंत्री श्री जयंत राज एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को हरित कलश एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2017 में नए समाहरणालय भवन का निर्माण कराये जाने को लेकर स्थल निरीक्षण किया था जिसके बाद वर्ष 2018 में इसको लेकर स्वीकृति प्रदान की गई और वर्ष 2020 में पटना समाहरणालय भवन का शिलान्यास किया गया। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 186 करोड़ 42 लाख रुपए से भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। वैश्विक कोरोना महामारी और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने के कारण इसका निर्माण कार्य वर्ष 2022 में प्रारम्भ हुआ। इसके बाद करीब डेढ़ साल के अंदर समाहरणालय भवन का निर्माण कार्य पूरा किया गया। इस नए समाहरणालय भवन में बेसमेंट, भूतल के अलावा पांच तल हैं जहां 205 वाहनों को रखने की क्षमता वाली ओपेन पार्किंग के अलावा 240 वाहनों की क्षमता की बेसमेंट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। पुराने पटना समाहरणालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पटना उच्च न्यायालय के द्वारा याचिका सुनवाई के क्रम में की गयी अनुशंसा के आलोक में पुराने भवन के अंश (8 खंभों) को लोहे के फ्रेम मे संरक्षित रखा गया है। डच वास्तुकला के प्रतीक ये खंभे ईंट से बने हैं जिन्हें यहाँ प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, विधान पार्षद श्री रवीन्द्र सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ० बी० राजेन्द्र, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव डॉ० एन सरवन कुमार, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ० प्रतिमा, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री मयंक वरवड़े, आई०जी० पटना प्रक्षेत्र श्रीमती गरिमा मलिक, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रमिकों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री संकल्पित - जोशी

**पटना।** श्रम मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रेम यूथ फाउंडेशन परिषर गोविंदपुर में श्रमिक जागरूकता सह रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रिय निदेशक विनोद जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने श्रमिको के कल्याण के लिए दर्जनों योजना बनाया है जिसे पाने के लिए ई श्रमकार्ड, श्रमिक कार्ड,आभा कार्ड का होना अनिवार्य है। श्रमिको को जागरूकता के लिए हर पंचातय में शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने लोगों से कार्ड बनबाने का आह्वान किया। वहीं फाउंडेशन के सचिव गोपी कुमार ने कहा कि श्रमिको को हर स्तर पर फाउंडेशन सहयोग कर रहा है। स्वस्थ्य जांच शिविर, कम्वल वितरण,विटामिन सी का वितरण, पैष्टिक आहार का वितरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वाल श्रम के रोक थाम के लिए टीम का गठन कर स्थानीय प्रसासन को सहयोग कर रहा है। जिस श्रमिक के मृत्यु हो गया है उनके दो बच्चों को चार हजार प्रति माह पढ़ाई के लिए दिया जा रहा है। मौके पर धर्मवीर कुमार उर्फ कक्कू , अपूर्ण देवी, बिहार एटीएस के सदस्य राखी कुमारी ने भी अपना विचार प्रकट किया।

### सुवे में मानवाधिकार हनन चरम पर



**पटना।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से पटना के सीएमए आर्केड, फ्रेजर रोड पर भव्य समारोह के साथ मानवाधिकार दिवस मनाया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, डॉ. संजय कुमार झा और मोहम्मद आसिफ ने अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों ने मानवाधिकारों के महत्व पर गहन चर्चा की।

**गांधीवादी प्रेम जी जी ने कहा:**"मानवाधिकार केवल संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। हमें इन अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए और समाज में समानता, स्वतंत्रता और न्याय की स्थापना करनी चाहिए।"

**डॉ. संजय कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा:**"आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि मानवाधिकार केवल कानूनी संरचना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह हर नागरिक की गरिमा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का प्रयास है। प्रेम यूथ फाउंडेशन ने हमेशा से ही गरीबों और वंचित वर्गों की आवाज़ को बुलंद किया है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।"

**मोहम्मद आसिफ ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा:**"हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर व्यक्ति को अपने अधिकारों का ज्ञान हो और उनके हनन के खिलाफ आवाज उठाई जाए। युवा शक्ति ही वह माध्यम है जो समाज में बदलाव ला सकती है।" इस आयोजन में मानवाधिकार संरक्षण के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की घोषणा की गई। प्रेम यूथ फाउंडेशन ने यह संकल्प लिया कि वह मानवाधिकारों की रक्षा और समावेशी समाज के निर्माण के लिए अपने प्रयासों को और भी मजबूत करेगा। स्वयंसेवक अमृत राज ने कहा कि पुलिस सबसे अधिक मानवाधिकार का हनन करता है। बिहार पुलिस का चेहरा अंग्रेज के पुलिस से भी खौफनाक है। डीजीपी के बार बार निर्देश के बाद भी थानों में आज भी मुंशी राज कायम है। पुलिस को अपने चाल, चरित्र और चेहरा बदलने की जरूरत है।मौके पर सोनू पटेल, अमन कुमार, मो राजू,अनवरा अली, मनीषा, कुलदीप,अनुज,सुनील समेत सैंकड़ो लोगो ने भाग लिया।

### मौलाना आजाद इंजिनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने दीक्षांत समारोह में परचम लहराया



**पटना।** बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय,पटना के प्रथम दीक्षांत समारोह में मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एवं टेकनोलॉजी, नेऊरा, पटना के छात्रों ने अपना परचम लहराया है। कम्प्यूटर साइंस की छात्रा शाहीन इकबाल ने सत्र (2019-23) में बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों से स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस के ही छात्र मो. हसन को तृतीय स्थान मिला और कांस्य पदक प्रदान किया गया। मौलाना आजाद अभियंत्रण महाविद्यालय के एक अन्य छात्र गौरव कुमार को सिविल इंजिनियरिंग में तृतीय स्थान प्राप्त करने हेतू कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। छात्रों की अप्रत्याशित सफलता के लिए कॉलेज के प्रेसिडेन्ट डॉ अहमद अबदुल हई, वाइस प्रेसिडेन्ट एस. एस. मशहदी, सचिव एहसान अहमद, निदेशक डॉ असीम कुमार, संकायाध्यक्ष डा. मसूद अहमद एवं समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# विधान सभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने कोई करिश्मा नहीं दिखा सका

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** इंडी गठबंधन बनने के बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और झारखंड में विधान सभा चुनाव हुआ, लेकिन विपक्ष ने कोई करिश्मा नहीं दिखा सका। इसका मतलब हुआ कि विपक्ष के गठबंधन में एकता नहीं है, क्योंकि कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों को चुनाव में तरजीह नहीं दिया है। इसी का परिणाम हुआ है कि विपक्षी पार्टियों ने कांग्रेस के साथ जहां जहां मिलकर चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़ा किया वहां उन लोगों ने विपक्ष का ही वोट काटा है, जिसके कारण एनडीए को सीटों में बढ़त मिली। एकता का मूल मंत्र लगता है विपक्षी पार्टियां भूल रहा है और इसका थोपड़ा विपक्षी दलों के सहयोगी पार्टियां सीधे सीधे कांग्रेस पर फोड़ रही है, जबकि विगत वर्ष जुलाई महीने में बेगलुरु में मोदी सरकार और भाजपा के विरुद्ध विपक्षी गठबंधन इंडी बनाते समय



मंच पर बैनर लगा था 'यूनाइटेड वी स्टैंड'। 'यूनाइटेड वी स्टैंड' का अर्थ होता है एकता में ही शक्ति है। लेकिन इंडी गठबंधन बनते ही गठबंधन के सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना पाला बदल लिया, फिर भी लोकसभा आम चुनाव 2024 में एनडीए को इच्छित बहुमत नहीं मिली। चार राज्यों जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव परिणाम में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच बरावर-बरावर रहा। एनडीए को हरियाणा, महाराष्ट्र और इंडी गठबंधन को जम्मू-कश्मीर, झारखंड में बहुमत मिली। अगर सही ढंग से देखा जाए तो इंडी गठबंधन की उम्मीदों को जबर्दस्त झटका लगा है। हरियाणा और महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन की पराजय से ऐसा लगता है कि विपक्षी पार्टियां अपना ही सूत्र वाक्य भूल रहे हैं। महाराष्ट्र चुनाव के बाद सपा ने महायुति छोड़ने का ऐलान कर दिया है। वहीं महाराष्ट्र लोक सभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडी ने एनडीए को 48 में से मात्र 17 सीटी पर ही समेट दिया था, लेकिन विधानसभा चुनाव परिणाम चौकाने वाले आए। देखा जाए तो, हरियाणा और महाराष्ट्र आर्थिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण राज्य हैं। लोकसभा चुनाव में हरियाणा में इंडी गठबंधन का टक्कर बराबरी की थी इसलिए हरियाणा और महाराष्ट्र के विधान सभा चुनाव में इंडी गठबंधन के लिए हार बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि इन दोनों राज्यों में इंडी गठबंधन को जीत का विश्वास था। इंडी गठबंधन बनने के बाद कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में हार देखी। इन तीनों राज्यों में कांग्रेस की हार के कई कारण होंगे, लेकिन सहयोगी दलों के उम्मीदवार को तरजीह नहीं देना भी एक कारण रहा। जम्मू- कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद एनडीए ने चुनावी माहौल बनाया था लेकिन परिणाम निराशाजनक रहा। वहीं झारखंड में हरसंभव कवायद करने के बावजूद एनडीए सत्ता की दहलीज के आसपास भी नही पहुंच पाई यह एनडीए के लिए चिंता का विषय है। फिर भी, एनडीए ने हरियाणा और महाराष्ट्र की जीत में जम्मू-कश्मीर और झारखंड की हार को बखूबी छिपा लिया, जबकि इंडी गठबंधन ने आपस में ही तलवार भांज रहे है। इंडी गठबंधन में राजनीतिक हितों के टकराव से बनीं गांठे पुरानी हैं, जिन्हें बड़ी राजनीतिक मजबूरी के गठबंधन छिपाने की कोशिश कर रही है।

# विधायिका में महिला आरक्षण के विरोधी हैं लालू यादव, इसीलिए दे रहे अनर्गल बयान : प्रो. रणबीर नंदन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में महिला संवाद यात्रा को लेकर लालू यादव द्वारा सीएम नीतीश कुमार पर की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि लालू यादव और उनकी पार्टी राजद मानसिक रूप से दिवालिया हो चुकी है। लालू यादव की सोच शुरू से महिला विरोधी रही है। लेकिन अब तो देश में महिलाओं को विधायिका में 35 फीसदी आरक्षण देने की प्रक्रिया चल रही है, जो लालू यादव को पच नहीं रही है। लालू यादव महिलाओं के आगे बढ़ने के धुर विरोधी हैं और अब जब एनडीए की सरकार में महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है तो लालू यादव नीतीश कुमार पर अनर्गल बयान दे रहे हैं। प्रो. नंदन ने कहा कि लगातार मिलती चुनावी हार और बढ़ती उम्र लालू यादव पर इस कदर हावी हो चुकी है कि वो क्या बोल रहे हैं, कोई ठिकाना नहीं है। लालू यादव के लिए उनका परिवार ही सर्वोच्च है और उसके अलावा दूसरा हर व्यक्ति उनके लिए निकृष्ट है। प्रो. नंदन ने कहा कि एनडीए की सरकार ने सिर्फ सड़क, बिजली और दूसरे विकास मानकों का ख्याल नहीं रखा है बल्कि सामाजिक स्तर को भी उपर उठाने की दिशा में कार्य किया है। महिलाओं का सम्मान, उनका उत्थान एनडीए सरकार की प्रथम प्राथमिकता में शामिल है। राज्य में महिलाओं के विकास का विशेष ख्याल रखा जाता है क्योंकि यह सर्वविदित है कि महिलाओं के विकास के बिना किसी भी समाज का विकास असंभव है। उन्होंने कहा कि राज्य में नीतीश सरकार ने महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण की व्यवस्था की ताकि महिलाएं पढ़ाई के साथ नौकरियों में आगे बढ़ सकें। आज राज्य की सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए लगभग एक-तिहाई पद आरक्षित हैं। जबकि लालू यादव आज भी उसी परंपरा के सरदार बनने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें महिलाओं को सम्मान नहीं मिलता था। लालू यादव बीमार हैं और उन्हें शारीरिक और मानसिक इलाज की जरुरत है।

## मनवाधिकार दिवस पर जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु दी गयी ऊनी वस्त्र



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समिति , एच•आर•डी डिपार्टमेंट , पटना बिहार द्वारा आज मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ज्ञान भवन गांधीमैदान , पटना के आस पास रिक्शाचालकों ,ठैला बाले और आम जरूरतमंद लोगों के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुए मफ़लर, ऊनी टोपी और ऊनी वस्त्र का वितरण किया गया। करीब सौ से अधिक लोगों को ऊनि वस्त्र दिए गए। मौक़े पर अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि मानवाधिकार का मतलब मनुष्यों को वह सभी अधिकार देना जो व्यक्ति के जीवन , स्वतंत्रता , समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए है। एम पी जैन ने बताया कि इस वितरण में राकेश कुमार , राकेश पराशर , धर्मराज केशरी , दुर्गा राय एवं आदित्य राज सहित अन्य लोगो भाग लिया।

## देश के 140 करोड़ लोगों के मन में जो अजेय भारत' का विश्वास है उसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े जवानों को जाता है : अमित शाह

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राजस्थान के जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह परेड में बतौर मुख्य अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह स्पष्ट किया कि, देश के 140 करोड़ लोगों के मन में जो 'अजेय भारत' का विश्वास है, उसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े जवानों को जाता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में बीते कुछ वर्षों में आंतरिक सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा तक की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है, और इस बात को पूरी दुनिया ने देखा है। 60 सालों से साहस, शौर्य और बलिदान के दम पर सीमा सुरक्षा बल ने न केवल



देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस को ताकतवर बनाने का काम किया है, बल्कि सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त भी किया है। 1 दिसंबर, 1965 से लेकर आज तक सीमा सुरक्षा बल ने निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने का काम किया है। शाह ने पूरे देश को यह संदेश दिया कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले जवानों का देश की जनता सदैव ऋणी रहेगी। एक समय में 25 बटालियन से शुरू हुआ यह बल आज 193 बटालियन तक पहुँच गया है, जिसमें 2 लाख 70 हजार जवान की संख्या है जो विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने साल 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1,992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1,330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें 1 महावीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मेडल और 1,241 पुलिस पदक शामिल हैं।

# गांधी मैदान में BSDMA का स्टॉल, आपदाओं से बचाव की अनूठी पहल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BSDMA) का स्टॉल गांधी मैदान, पटना में आयोजित पुस्तक मेले में लोगों के बीच आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने और आपदाओं से बचाव की जानकारी प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। यहां अत्याधुनिक तकनीकों और रचनात्मक तरीकों से आपदा प्रबंधन के उपायों को सरल, प्रभावी और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। स्टॉल पर अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा पर आधारित एक मॉडल प्रदर्शित किया गया है, जो अस्पतालों में अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव के लिए बेहद उपयोगी है। साथ ही, भूकंपरोधी घर निर्माण के महत्व पर विशेष जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों

» आधुनिक तकनीकों और रचनात्मक प्रयासों के साथ BSDMA का प्रभावशाली स्टॉल

द्वारा बताया जा रहा है कि भवन निर्माण में उचित सुरक्षा मानकों को अपनाकर भूकंप से होने वाले नुकसान को किस प्रकार कम किया जा सकता है। वोल्ट्रॉन एआर-वीआर तकनीक के जरिए आग, भूकंप, और वज्रपात जैसी आपदाओं से बचने के उपायों को अत्यंत सरल और इंटरएक्टिव तरीके से समझाया जा रहा है। यह अनुभव आगंतुकों के लिए न केवल रोचक है, बल्कि उन्हें आपदा प्रबंधन के प्रति संवेदनशील और जागरूक भी बना रहा है। पुस्तक मेला परिसर में प्राधिकरण द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी लोगों




के बीच आकर्षण का केंद्र बना। सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच, पटना ने शीतलहर से बचाव के उपायों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश दिए। नाटक में बताया गया कि शीतलहर के दौरान गर्म कपड़े पहनें, पौष्टिक आहार लें, और अनावश्यक रूप से घर से बाहर न जाएं। पशुओं को ठंड से बचाने के लिए भी आवश्यक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर BSDMA द्वारा आगंतुकों को मुफ़्त में पुस्तिकाएं, पंपलेट, और जागरूकता सामग्री वितरित की जा रही हैं। साथ ही, आपदा प्रबंधन से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। BSDMA के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकुंद कुमार ने स्टॉल पर उपस्थित रहकर लोगों को आपदा प्रबंधन के महत्व और उससे जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं। आपदा प्रबंधन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि सामुदायिक कल्याण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। BSDMA द्वारा किए जा रहे ये प्रयास लोगों को आपदा से बचाव और प्रत्युत्तर के लिए बेहतर तरीके से तैयार कर रहे हैं। पुस्तक मेले में BSDMA का यह स्टॉल आपदा प्रबंधन के ज्ञान को बढ़ाने और सुरक्षित भविष्य की दिशा में जागरूकता फैलाने का एक प्रभावशाली मंच बन गया है।

संक्षिप्त समाचार

## पटना पुस्तक मेला आयोजन समिति द्वारा रंगकर्मी राजेश राजा को मिला सम्मान




**पटना**। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सेंटर फॉर रीडरशिप डेवेलपमेंट (सीआरडी) द्वारा आयोजित पटना पुस्तक मेला - 2024, के अन्तर्गत 'सिनेमा उनेमा'सभागार मेंपटना पुस्तक मेला - 2024 आयोजन समिति, के द्वारा वरिष्ठ रंगकर्मी "राजेश राजा" को, रंगकर्म के क्षेत्र में, उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पटना पुस्तक मेला का उद्घाटन बिहार के मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार जी के द्वारा, किया गया था। रंगकर्मी राजेश राजा को यह सम्मान, पटना रंगमंच में, लगभग 32 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु दिया गया, इन्होंने लगभग पचास नाटकों में अभिनय एवं निर्देशन किया है। राजेश राजा ने इस सम्मान को ग्रहण करते हुए कहा कि , यह सम्मान पाना मेरे लिए गौरव की बात है, इस सम्मान ने रंगमंच के क्षेत्र में, मेरी जिम्मेदारीयां बढ़ा दी हैं। इस सम्मान के लिए राजेश राजा ने, सम्मान चयन समिति,एवं पटना पुस्तक मेला के आयोजन समिति का आभार प्रकट किया। इस 12 दिवसीय पुस्तक मेला के पांचवे दिन, " हरियाली रंगोत्सव" नामक, नुक्कड़ मंच पर, पटना की नाट्य संस्था "द आर्ट मेकर" द्वारा, श्री शिवांक द्वारा निर्देशित,नुक्कड़ नाटक "जल ही है हल" का प्रदर्शन किया गया। वक्ता के रूप में, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं नाट्य निर्देशक श्री मिथिलेश सिंह जी की उपस्थिति रही। सिनेमा उनेमा महोत्सव के संयोजक श्री रविकांत सिंह जी ने कहा कि , रंगकर्मी राजेश राजा जी को सम्मानित कर, पटना पुस्तक मेला आयोजन समिति गौरान्वित महसूस करती है।

## शेखपुरा मोड़ बिंद टोली स्थित प्राथमिक विद्यालय को इनर व्हील क्लब पाटलिपुत्र ने हैप्पी स्कूल बनाया



**पटना**। इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलीपुत्रा द्वारा शेखपुरा मोड़ बिंद टोली स्थित प्राथमिक विद्यालय को हैप्पी स्कूल बनाया गया। यहां पर क्लब द्वारा लड़कियों और लड़कों के लिए अलग अलग शौचालय, रसोई,और स्मार्ट क्लास का निर्माण कराया गया | इसका उदघाटन मुख्य अतिथि एसोसिएशन अध्यक्षा सुनीता जैन और मंडलाध्यक्षया अलकानंदा बख्शी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यहाँ पर बच्चों के लिए डेंटल चेकअप कैम्प भी लगाया गया था | क्लब द्वारा बच्चों को स्कूल बैग, जूते एवं बास्केटबाल दिया गया | साथ ही वहां पर वाटर कूलर भी लगवाया गया |दोपहर में टी २४ डिसेबिलिटी फैक्ट्री डिफेंस कॉलोनी कंकरबाग पटना में दिव्यांग बच्चों को धूप अगरबत्ती बनाने की मशीन क्लब द्वारा दी गई | इस कार्यकम में एसोसिएशन अध्यक्षा सुनीता जैन और मंडलाध्यक्षया अलकानंदा बख्शी ने क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल, सचिव अपर्णा भारती, कोषाध्यक्षया नीलांजना भट्टाचार्या, शालिनी पंसारी और संपादिका सुधा बिदासरिया के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर पूर्वमंडलाध्यका श्वेता सिंहा, वीणा जैन, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी प्रियांका कुमार, डिस्ट्रिक्ट एडिटर विभा चरंपहारी, पूर्व अध्यक्षा सुनीता खेमका, पूनम सिन्हा, पुष्पा सिंह, कंचन रॉय, नीतू बिरला, बबीता बिदासरिया, निशा विद्यार्थी, सुनीता अग्रवाल ऐवम अन्य सदस्य उपस्थित थी।

## बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी विजयी



**पटना**। स्थानीय क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार के ग्राउंड पर मंगलवार यानी 10 दिसंबर से बैद्यनाथ प्रसाद फाउंडेशन के तत्वावधान में बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल अंडर-13 इंटर स्कूल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पटना की मेयर सीता साहू, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, सचिव जियाउल आफरफीन, जीएम एडमिन नीरज राठौर, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, बीसीए टूनामेंट कमेटी के चेयरमैन आनंद मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारा उड़ा कर किया। सबों का स्वागत स्व. बैद्यनाथ प्रसाद के पुत्र सह आयोजन अध्यक्ष शिशिर कुमार ने पुष्पगुच्छ व मोमेंटो समर्पित कर किया। उद्घाटन मुकाबले में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने एसकेपी क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से पराजित किया। इस मौके पर नौनिहाल क्रिकेटरों को संदेश देते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसी स्कूली टूनामेंटों से प्रतिभाएं उबर कर सामने आती हैं। साथ ही हम सबों को प्रतिभा खोजने का मौका मिलता है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आपने बहुत बड़ा आयोजन कराया है इसके लिए बधाई के पात्र हैं। अब बिहार के बच्चे इंडिया टीम में खेल रहे हैं। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन राज्य के क्रिकेटरों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर रखेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी यहां क्रिकेट को बढ़ाने के लिए पूरी तरह दृढ़संकल्पित है उसी का परिणाम है कि इतने बड़े जगह को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को सरकार ने स्टेडियम के लिए सौंप दिया है। इस मौके पर बिहार रणजी टीम के कोच प्रमोद कुमार, राजेश कुमार रंटू, पटना नगर निगम सशक्त समिति के सदस्य व कई वार्ड पार्षद मौजूद थे। धन्यवाद व्यक्त आयोजन सचिव संतोष तिवारी ने किया।

# विश्व के 30 देशों के एंबेसी प्रतिनिधियों की उत्साहजनक भागीदारी के साथ एंबेसडर्स मीट का हुआ सफल आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा आज नई दिल्ली में "बिहार बिज़नेस कनेक्ट 2024 - एंबेसडर्स मीट" का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री श्री सम्राट चौधरी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके अलावा, माननीय उद्योग-सह-पर्यटन मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, मुख्य सचिव बिहार श्री अमृत लाल मीणा एवं उद्योग विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयषी सहित राज्य के अन्य विभागों जैसे IT, लेबर, आदि के सचिव और पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल अधिकारियों ने बिहार में ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने वाली विभाग केंद्रित विभिन्न पहलों और नीतियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 30 विदेशी मेहमानों ने शिरकत की, जिनमें प्रमुख रूप से वियतनाम के एंबेसडर श्री गुयेन थान, अर्जेंटीना के एंबेसडर श्री मारियानो अगस्टिन काउसिनो, फिलिपींस के एंबेसडर श्री जोसेल फ्रांसिस्को इग्नासियो और US एंबेसी के कमर्शियल ऑफिसर श्री डेविड पास्किनी शामिल थे। साथ ही रोड शो में भारत में विदेशी मिशनों के राजनयिकों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संघों और ट्रेड प्रमोशन संगठनों की उपस्थिति देखी गई। इसके अलावा, कार्यक्रम में प्रमुख ट्रेड संस्थाओं जैसे इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, TPCI, FIEO, AEPC, यूएस-इंडिया बिज़नेस काउंसिल, और यूके-इंडिया बिज़नेस काउंसिल के सदस्य भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा, "पॉलिसी, पोलपुलेशन, और पानी बिहार को खास बनाता है। यहां हम ऐसी पॉलिसीज पर काम कर रहे हैं जो क्षेत्र विशेष के लिए हैं जैसे लेदर, IT, स्टार्टअप, आदि। हमारी पोपुलेशन हमारी ताकत है। यह न केवल बिहार को एक बड़ा बाजार बनाता है बल्कि ह्यूमन रिसोर्स का केंद्र भी बनाता है। पानी की प्रचुरता बिहार की भूमि को उत्पादन के मामले में श्रेष्ठ बनाता है। आने वाले दिनों में बिहार में और भी साकारात्मक बदलावा देखने को मिलेंगे, जो निश्चित रूप से राज्य को निवेश के लिए और अनुकूल बनाएगा।" माननीय उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने कहा, "कहीं भी निवेश के लिए जो आवश्यक सुविधाएं होती हैं वो सारी बिहार में बड़े पैमाने पर मौजूद है। यहां जमीन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, बिजली, पानी, ह्यूमन रिसोर्स, और बाजार सब के लिए उपलब्ध है, जो बिहार को निवेश के अनुकूल बनाता है। आज हम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं, ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हम बिहार में उपलब्ध असीम अवसरों का लाभ उठाएं।" मुख्य सचिव बिहार श्री अमृत लाल मीणा ने कहा, "पिछले 20 सालों में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने अभूतपूर्व उन्नति की है, जिसने बिहार के प्रति लोगों के दृष्टिकोण को साकारात्मक कर दिया है। यहां सभी सेक्टर का विकास हुआ है, खासकर कृषि और सम्बंधित क्षेत्रों का। सभी कृषि उत्पादों का प्रोडक्शन काफी बढ़ गया है। पर कैपिटा पॉवर कंजंप्शन का CAGR 16 प्रतिशत है, जो देश में सबसे अधिक है। पिछले कुछ सालों से हमने रिन्यूएबल एनर्जी पर विषेश ध्यान दिया है। डेटा की खपत 2000 प्रतिशत से बढ़ गई। ये निश्चित तौर पर तेजी से प्रगति कर रहे बिहार और इसकी संभावनाओं को दर्शाता है।" उद्योग विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयषी ने कहा, "बिहार एक इंडस्ट्रियल लैंड के रूप में तेजी से उभर रहा है, जहां छोटे और बड़े दोनों तरह के निवेशक निवेश कर रहे हैं। 100 प्रतिशत बिजली, बड़ा बाजार, प्रचुर जल, फ्रेंडली पॉलिसी, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर कुछ ऐसे पहलू हैं जो बिहार को निवेश के अनुकूल बनाता है और निवेशकों को आकर्षित करता है। हम पॉलिसी को और बेहतर करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं और सेक्टर स्पेसिफिक पॉलिसी ला रहे हैं। साथ ही विभिन्न प्रकार के इंसेंटिव, जैसे केपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी, एक्सपोर्ट सब्सिडी, इंट्रेस्ट सबवेंशन, प्रदान कर निवेशकों की राह को आसान कर रहे हैं।" श्री जयदीप आहुजा, चेयरमैन- CII, दिल्ली चैप्टर, ने कहा, "बिहार की ग्रोथ स्टोरी बदलाव और नए वादों की कहानी है। आज बिहार निवेश और इंडस्ट्री का एक उभरता हुआ हब बन चुका है, जहां की असीम संभावनाएं निवेशकों को लुभा रही है। यह बिहार सरकार की ओर से मिल रहे इंसेंटिव का लाभ उठाने और यहां निवेश कर अपने बिजनेस को बढ़ाने का समय है।" श्री डेविड पास्किनी, कमर्शियल ऑफिसर, US एंबेसी, ने कहा, "बिहार के बारे में दी गई जानकारी काफी रोचक व उत्साहजनक है। अमेरिका की कंपनियां निश्चित तौर पर बिहार में हो रहे विकास और वहां के अवसरों का लाभ लेना चाहेगी। बिहार बहुत बड़ा बाजार है जिससे बिजनेस को काफी लाभ हो सकता है।" कार्यक्रम के दौरान, उद्योग विभाग द्वारा बिहार में हाल के वर्षों में लागू की गई प्रमुख पहलों, नई नीतियों, और निवेश के अनुकूल माहौल पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रतिनिधियों को राज्य में निवेश के अवसरों और औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया गया। यह कार्यक्रम 19-20 दिसंबर 2024 को पटना में आयोजित होने वाले "बिहार बिज़नेस कनेक्ट 2024 – ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

## यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अमृत महोत्सव पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार के कलाकारों ने बिहार के लोकसंस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी
» दिल्ली के इंटर नेशनल हॉस्टल में कार्यक्रम का किया गयाआयोजन



**पटना**। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्लैटिनम जुबली (अमृत महोत्सव )के अवसर पर, दिल्ली स्थित इंटर नेशनल हॉस्टल में आयोजित अंतर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस में यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया,बिहार राज्य शाखा की ओर से पाटलिपुत्र यूनिट के कलाकारों ने खास कर बिहार के लोकसंस्कृति पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत कर सबों का मनमोह लिया । इसकी प्रस्तुति पाटलिपुत्र यूनिट की सचिव डॉ नम्रता आनंद के निर्देशन एवं कोरियोग्राफी शिवम् शुक्ला ने किया । जिसमें मंगल ,दीपू कुमार , नियति सौम्या,रेखा कुमारी,जान्हवी कुमारी, जैसमीन कुमारी ,सूरज कुमार,राजू कुमार आदि कलाकार शामिल थे। इस अलावा शिवम शुक्ला कथक नृत्य और सूरज और नियति सौम्या ने राधा-कृष्ण के रास लीला की मनमोहक प्रस्तुतियों से सबों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में शामिल यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेशनल कौंसिल के मेंबर्स ए के बोस, मोहन कुमार,सुधीर मधुकर, प्रियेश रंजन , डॉ नम्रता आनंद के साथ साथ,बिहार राज्य शाखा और पाटलिपुत्र यूनिट के सभी पदाधिकारियों आदि ने भी कलाकारों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामना दिया है। इस कार्यक्रम में बिहार के अलावा मध्य प्रदेश, ,हरियाणा,गुजरात,छत्तीसगढ़ ,पश्चिम बंगाल,दिल्ली आदि राज्यों के कलाकारों ने भी अपने अपने राज्यों के लोकसंस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों की।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बीएस कॉलेज में गोष्ठी आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर**। आज दिनांक 10 दिसंबर 2024 को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के बीएस कॉलेज, दानापुर में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में "समकालीन विश्व में मानवाधिकारों की प्रासंगिकता" विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० आशुतोष कुमार के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो० (डॉ०) गोपाल कुमार यादव, प्रो० (डॉ०) शिवचंद्र सिंह, डॉ० आभास कुमार, तथा डॉ० फिरोज़ अंसारी ने अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। उक्त गोष्ठी में वक्ताओं के द्वारा मानवाधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा समकालीन दौर की विश्वव्यापी समस्याओं एवं मानवाधिकारों पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो० (डॉ०) मधु प्रभा सिंह ने छात्र - छात्राओं को अपने संदेश में मानवाधिकारों के संरक्षण में आम जनों की भूमिका के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ० चिरंतन कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ० संजय कुमार द्वारा किया गया।

## सावधानी बरतने और स्वच्छता से रहने से मूत्राशय संक्रमण से बचा जा सकता है : डॉ. सुदीश कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। महिलाओं को अक्सर मूत्र में जल, मूत्र त्यागने के दौरान दर्द इत्यादि का शिकायत करते हुए पाया गया है। अगर यह समस्या उन्हें दो दिन से ज्यादा रहे तो उन्हें किसी डॉक्टर से सलाह अवश्य लेनी चाहिए क्योंकि यह यूरिनरी ट्रैक इन्फेक्शन (यूटीआई) के लक्षण हो सकते हैं। आमतौर पर मूत्राशय संक्रमण को इकोलाई या बिकोलाई के नाम से जाना जाता है। उक्त बातें वरिष्ठ युरोलोजिस्ट डॉ. सुदीश कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि मूत्राशय संक्रमण के लक्षण पेशाब में जलन, गुप्तांगों में खुजली, थोड़ा - थोड़ा पेशाब होना और इस दौरान दर्द महसूस होना, मूत्र का रंग ज्यादा पीला होना और दुर्गन्ध आना, बार - बार मूत्र त्यागना, थकान या अस्वस्थ अनुभव करना आदि है। डॉ. सुदीश ने कहा कि इस बीमारी से बचा जा सकता है बस जरूरत है सावधानी बरतने की। इस बीमारी से बचने के लिए 8 - 10 ग्लास पानी रोज पियें। कभी भी तेज आई पेशाब को रोके नहीं, जब भी पेशाब लगे तो तुरंत जाएं वरना यूटीआई होने का खतरा बढ़ जाता है। अपना टॉयलेट हमेशा साफ रखें। जितना हो सके पब्लिक कमोड का प्रयोग न करें तो बेहतर होगा। हमेशा कॉटन फैब्रिक से ही बनी अंडरवियर पहनें जिससे त्वचा हमेशा ड्राई बनी रहे और बैक्टीरियल फार्मेशन न हो। महिलाओं को शौचालय जाने के बाद हमेशा आगे से पीछे की ओर पोंछना चाहिए। रोज नहाने और पर्सनल हाइजीन रखने से आप इस बीमारी से बच सकते हैं।

## निखिल कुमार गुप्ता एक सच्चे रक्त वीर हैं, जो जरूरतमंदों को रक्त देते और उपलब्ध कराते हैं

नई सोच एक्सप्रेस





**पटना**। युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत निखिल कुमार गुप्ता हैं, जो जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान के लिए स्वयं आगे आते हैं और अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं। उनकी रक्तदान की भावना और समाजसेवा की प्रतिबद्धता उन्हें एक अलग पहचान दिलाती है। निखिल कुमार गुप्ता न केवल एक दुकानदार हैं, बल्कि एक पत्रकार और एक्टिव समाजसेवी भी हैं। जब कभी भी शहर में आपदा आती है या लोग परेशान रहते हैं, तो निखिल कुमार गुप्ता उनकी समस्या का हल करते हैं। उनकी सेवा और समर्पण की भावना हमें सिखाती है कि हमें अपने समाज के लिए कुछ करना चाहिए और दूसरों की मदद करनी चाहिए। निखिल कुमार गुप्ता की कहानी हमें यह भी सिखाती है कि हम अपने व्यवसायिक जीवन के साथ-साथ समाज सेवा भी कर सकते हैं। हमें बस अपने दिल में समाज के प्रति सेवा की भावना रखनी होगी और हमारे पास समय और संसाधन होंगे तो हम समाज के लिए कुछ कर सकते हैं। निखिल कुमार गुप्ता की लोकप्रियता प्रशासनिक पदाधिकारी में अच्छी है और उनकी जबरदस्त पकड़ है, जो उनकी सेवा और समर्पण की भावना को दर्शाती है। वह एक सच्चे समाजसेवी हैं और उनकी कहानी हमें प्रेरित करती है कि हम अपने समाज के लिए कुछ करें।

## वाणिज्य कर्मचारियों के सजकता से फर्जी बुकिंग क्लर्क गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस

### सोनपुर मंडल ने मुश्तैद वाणिज्य कर्मचारियों को किया सम्मानित

» रेलवे में फ़र्ज़ी तरीके से बहाली प्रक्रिया एवं फ़र्ज़ी नौकरी का झांशा दे कर लोगो को ठगने वाले संगठित अपराधिक गिरोह का पर्दाफास



**सोनपुर**। सीनियर डीसीएम,सोनपुर श्री रौशन कुमार के निर्देशन में प्रायोगिक आधार पर कार्यालय कर्मचारीयों को सोनपुर रेलवे स्टेशन पर प्रायोजित मेगा टिकट चेकिंग अभियान में स्टेशन के विभिन्न स्थानों पर टिकट चेकिंग हेतु लगाया गया था। टिकट चेकिंग के दौरान गाड़ी सं०- 14016 (सद्भावना एक्स०) समय- 15:50 बजे प्लेटफार्म नं०-03 पर आई, उक्त गाड़ी के आने के उपरांत पुराने एफ०ओ०बी० के पास टिकट चेकिंग कर रहे संजय कुमार, सी टी आई / सोनपुर स्थिर इकाई एवं साथ में संतोष कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक, शुभम सिन्हा ,सीनियर क्लर्क ,मनीष कुमार सीसीटीएस एवं शैलेश कुमार, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक द्वारा संदिग्ध तीन व्यक्तियों से टिकट की मांग करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वे रेलवे स्टाफ है एवं वर्तमान में अवतार नगर स्टेशन पर बुकिंग क्लर्क का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं | लेकिन जब तीनों लोगों के आईडी कार्ड देखा गया तो प्रथम दृश्या फर्जी प्रतीत हो रहा था। इसके बाद जब वाणिज्यक कर्मचारीयों द्वारा आईडी कार्ड की पड़ताल की गई तो वह तीनों आईडी कार्ड फर्जी पाया गया । इसके उपरांत तीनों आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु आरपीएफ ,सोनपुर के हवाले किया गया। आरपीएफ एवं जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे में नौकरी देने के नाम से कुछ अपराधियों का यह एक बहुत बड़ा रैकेट है एवं इनका नेटवर्क बहुत सारे प्रदेशों में फैला हुआ है। वाणिज्य कर्मचारियों के सजकता एवं तत्परता की वजह से इतने बड़े अपराधिक गिरोह का पर्दाफाश संभव हो पाया एवं इससे हज़ारो लोगो को ठगों के चंगुल से बचाया जा सकेगा । सभी वाणिज्य कर्मचारीयों के इस सराहनीय कार्य के लिए सीनियर डीसीएम,सोनपुर श्री रौशन कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सोनपुर मंडल को ऐसे सभी वाणिज्य कर्मचारियों पर गर्व है। सोनपुर मंडल लोगो से अपील करता है कि ऐसे किसी भी संभावित गिरोह या संदिग्ध व्यक्ति अगर आपसे संपर्क करता है तो इसकी जानकारी नजदीकी कार्यलय या रेल प्रशासन से करें तथा ऐसे गिरोह से सतर्क रहे। याद रहे रेलवे में भर्ती रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड एवं रेलवे रिक्रूटमेंट सेल के जरिए ही की जाती है एवं अलग-अलग जोन के लिए अलग-अलग बोर्ड/ सेल हैं।

## माली थाना के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या

नई सोच एक्सप्रेस



**औरंगाबाद**। माली थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार के अपराहन साढ़े 12 बजे सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने पहुंचे परिजनों ने इस मामले में बीकू सिंह नाम के एक युवक को नामजद अभियुक्त बनाया है। परिजनों ने बताया कि आरोपी किशोरी को एकांत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना मिली थाने की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया और शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौप दिया और उनके द्वारा दर्ज कराए गए फर्द बयान पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इधर शव के पोस्टमार्टम के बाद उग्र हुए ग्रामीणों ने आरोपी के गिरफ्तारी की मांग को लेकर शहर के रमेश चौक पर किशोरी के शव को रखकर प्रदर्शन किया।जिससे शहर का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। परिजनों ने बताया कि दुष्कर्म के दौरान किशोरी के अंतरंग अंगों को काफी बर्बरतापूर्ण तरीके से क्षति पहुंचाई गई है।

नई सोच एक्सप्रेस
हर खबर पर पैनी नज़र
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी द्वारा वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच कमिटी के अनुशंसा पर महिला पर्यवेक्षिका का अनुबंध किया रद्द

**जहानाबाद**। जिला अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय, मखदुमपुर में सावित्री कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका द्वारा आंगनवाड़ी सेविका से पैसा लेते वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जांच दल गठित की गई थी। जांच दल द्वारा दिए गए जांच प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा सावित्री कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका को भ्रष्टाचार में लिप्त होने का दोषी पाते हुए अनुबंध समाप्त दिया गया। बताते चलें कि दिनांक 21 नवम्बर, 2024 को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पाया गया कि बाल विकास परियोजना कार्यालय, मखदुमपुर के महिला पर्यवेक्षिका सावित्री कुमारी द्वारा अनाधिकृत रूप से रिश्वत लिया जा रहा था। जिसको स्वतः संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा कारवाई की गई है। जांच कमिटी के रिपोर्ट के आधार पर महिला पर्यवेक्षिका, सावित्री कुमारी को उक्त घटना में लिप्त पाया गया। जिसे जिला धिकारी द्वारा जिला प्रशासन की छवि को बरकरार रखते हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अंतर्गत उक्त महिला पर्यवेक्षिका का अनुबंध रद्द कर दिया गया। भ्रष्टाचार हमारे नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। जिला प्रशासन भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी ने रामदयालु, मुजफ्फरपुर में खोला नया स्टोर

**मुजफ्फरपुर**। ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी ने आज रामदयालु, मुजफ्फरपुर में अपने नए स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। यह ई-मेडिक्स का एक और कदम है स्वास्थ्य सेवाओं को और भी किफायती, सुगम और आधुनिक बनाने की दिशा में। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मोनालिसा, डिप्टी मेयर, ने फीता काटकर स्टोर का उद्घाटन किया। उन्होंने ई-मेडिक्स द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में लाई जा रही क्रांति की सराहना की और कहा, "ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी एक अभिनव पहल है जो लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाइयां और स्वास्थ्य उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने में सहायक होगी।" विशिष्ट अतिथियों में डॉ. नवीन कुमार, डॉ. राधा रमन, डॉ. अमृता रमन, डॉ. राम कुमार, अभिलेख कुमार, शैलेंद्र नारायण सिंह, रविंद्र कुमार, राजीव कुमार शर्मा, विक्की कुमार सिंह, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार, और कुणाल आनंद उपस्थित थे। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे मुजफ्फरपुर के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ई-मेडिक्स के निदेशक और सीओओ दनिश अशरफ ने कहा, "हमारा उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीकी और सेवा के दृष्टिकोण से उन्नत बनाना है। रामदयालु में यह नया स्टोर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला और स्मार्ट फार्मेसी सुविधाएं प्रदान करेगा।" ई-मेडिक्स टीम के अन्य प्रमुख सदस्य, जैसे वकार सिद्दीकी (जनरल मैनेजर), सौरभ प्रकाश (बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर), अंशु कुमार, शाकिब अहमद और अन्य ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस नए स्टोर को सफल बनाने में योगदान दिया। ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, होम डिलीवरी और अन्य सुविधाएं भी प्रदान करता है। कंपनी का लक्ष्य आने वाले वर्षों में बिहार, झारखंड और ओडिशा में 100+ स्टोर खोलने का है। ई-मेडिक्स टीम ने सभी अतिथियों और स्थानीय निवासियों को धन्यवाद दिया और इस नए स्टोर को क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा का एक मील का पत्थर बनाने का वादा किया।

### शेखपुरा में पराली जलाने के आरोप में दो वर्ष में 32 किसानों का डीबीटी योजना से रजिस्ट्रेशन को किया गया रद्द

» आम किसानों से पराली नहीं जलाने की कृषि विभाग ने अपील की



**शेखपुरा**। जिले के बरबीघा क्षेत्र में इन दिनों खेतों में पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि किसानों को पराली जलाने से होने वाले दीर्घकालिक नुकसान के बारे में पर्याप्त जागरूकता नहीं है। पराली जलाने से केवल पर्यावरणीय संकट ही उत्पन्न नहीं होता, बल्कि यह मिट्टी की उर्वरक क्षमता को भी नष्ट कर देता है। पराली जलने से भूमि की प्राकृतिक उर्वरक शक्ति में कमी आती है, जिससे भविष्य में कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसके अलावा, जलने से उत्पन्न होने वाला धुंआ और हानिकारक गैसें वायुमंडल को प्रदूषित करती हैं, जो मानवीय स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकती हैं। पराली जलाने के कारण खेतों में मौजूद कार्बनिक पदार्थों की प्राकृतिक रूप से सड़ने की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है, जो मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए आवश्यक होती है। इसके परिणामस्वरूप, आगामी फसल की वृद्धि और उत्पादन में कमी हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए किसानों को कड़ी निगरानी और सतत जागरूकता अभियान की आवश्यकता है।किसानों को यह समझाने की आवश्यकता है कि पराली जलाने से तात्कालिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक परिणाम उन्हें और उनके खेतों को नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसके बजाय, उन्हें पर्यावरण-friendly विकल्पों जैसे कि पराली को खाद में बदलने, उसे जीवाश्म ईंधन के रूप में उपयोग करने, या उसे पशु आहार के रूप में इस्तेमाल करने की जानकारी दी जानी चाहिए।सरकार, गैर सरकारी संगठनों और कृषि विशेषज्ञों को मिलकर किसानों के बीच यह जागरूकता फैलानी चाहिए कि कैसे पर्यावरण को बचाते हुए, वे अपनी कृषि भूमि की उपजाऊ शक्ति को बनाए रख सकते हैं। यदि इस दिशा में कदम उठाए जाएं, तो न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण कम होगा, बल्कि किसानों को भी दीर्घकालिक लाभ होगा।

### जहानाबाद दो बाइकों की टक्कर में पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल



**जहानाबाद**। काको थाना क्षेत्र के नदियावां गांव में हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में एक पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। घटना तब हुई जब काको से एक शादी समारोह में शामिल होकर एक परिवार जहानाबाद लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर हो गयी। हादसे में दीनानाथ, उनकी पत्नी शांति देवी और एक अन्य महिला पुनिया देवी घायल हो गयी। दीनानाथ (पिपरा, मसौढ़ी थाना क्षेत्र) गंभीर चोटों के कारण उन्हें पी.एम.सी.एच रेफर किया गया है। शांति देवी और पुनिया देवी (गया के मानपुर की निवासी) इन दोनों का इलाज जहानाबाद के सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना ने जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर फिर से सवाल खड़े कर दिया है। प्रतिदिन जिले में सड़क दुर्घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं घटना की सूचना जैसे ही 112 की टीम को मिली 112 की टीम एवं स्थानीय लोगों ने जहानाबाद के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि एक की स्थिति गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं 112 की टीम से पूछने पर उन्होंने बताया कि सभी की पहचान हो चुकी है और सभी के परिजन को सूचना देकर बुला लिया गया है। सभी के परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं।

## कांग्रेसियों ने असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

नई सोच एक्सप्रेस

» पूर्व जिला अध्यक्ष बोले- देश व समाज में नफरत की राजनीति करती है भाजपा



**कटिहार**। कटिहार में निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम राय के अगुवाई में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी आज शहर में अचानक बढे ठंड के बीच फुटपाथ पर गुजर वसर करने वाले असहाय लोगों को कंबल वितरण कर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया। कांग्रेस नेताओं में शहर में घूम-घूम कर कंबल वितरण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कम्बल वितरण कर समाज में सद्भावना का संदेश दिया। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव राजस्थान के सह प्रभारी पूर्व विधायक पूनम पासवान ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी को आज उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों की सच्ची हिमायती विपरीत परिस्थितियों में भी अत्यंत शालीनता गरिमा त्याग और साहस का परिचय देने वाली श्रीमती गाँधी के योगदान ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हम सभी उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम राय ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन है। कार्यकर्ता पदाधिकारी बड़े ही धूमधाम के साथ उनके जन्मदिन को मनाया। दीर्घायु होने की कामना किया। उन्होंने कहा कि देश व समाज में भाजपा नफरत की राजनीति करती है। कहा कि भाजपा के लोग बटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर नफरत फैलाने की कुचक्र रच रहें है। किंतु हम सभी कांग्रेसजन ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आज पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अचानक बढे ठंड के बीच असहाय लोगों को कंबल वितरण कर समाज में सद्भावना का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश की जनता नफरत की राजनीति करने वालों को उखाड़ फेंकेगी। इस अवसर पर आईटी सेल के प्रदेश सचिव नितिन सिंहा, खेलकूद प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष पंकज यादव, पूर्व जिला कांग्रेस प्रवक्ता माधव पांडे, पूर्व पिछड़ा प्रकोष्ठ कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश यादव,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ कुमार, उपमुखिया मो अशफाक आलम, इंटक नेता टुनटुन राय, नीरज यादव अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## मोटोरोला ने 9,999 रुपये में लॉन्च किया मोटो जी35 5जी

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने मोटो जी35 5जी के लॉन्च की घोषणा के साथ किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है। इस सेगमेंट के सबसे तेज 5जी स्मार्टफोन को इस सेगमेंट के सबसे ज़्यादा 12 5जी बैंड्स के साथ लॉन्च किया गया है जिसकी कीमत 9,999 रुपये (4 जीबी प्लस 128 जीबी) है जो सहज एवं भविष्य के लिए तैयार 5जी अनुभव के लिए वीओएनआर कनेक्टिविटी, 4x4 मीमो तथा 4 कैरियर एग्रीगेशन को सपोर्ट करता है। लॉन्च के मौके पर मोटोरोला मोबिलिटी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी एम नरसिम्हन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, हमें किफायती 5जी सेगमेंट में गेम - चेंजिंग डिवाइस मोटो जी35 5जी को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। पूरे भारत में बड़े पैमाने पर लोगों के लिए सर्वोत्तम 5जी अनुभव को सुलभ बनाना ही हमारा लक्ष्य है। मोटो जी35 5जी सचमुच अत्याधुनिक 5जी टेक्नोलॉजी, बेहतरीन मनोरंजन और इमेजिंग, तथा शानदार डिजाइन का बेजोड़ संगम है जिसमें कोई समझौता नहीं किया गया है और ये सारे फीचर्स बेमिसाल कीमतों पर उपलब्ध हैं। हमें पूरा यकीन है कि मोटो जी35 5जी नए मानक स्थापित करेगा और देश भर में 5जी के प्रसार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। मोटो जी35 5जी तीन बेहद आकर्षक रंगों - प्रीमियम वीगन लेदर फिनिश के साथ लीफ ग्रीन और गुआवा रेड तथा 3डी पीएमएमए फिनिश के साथ मिडनाइट ब्लैक में उपलब्ध होगा।

## अदाणी फाउंडेशन की पहल : मशरूम की खेती से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं







नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा**। गोड्डा के गांवों में रहने वाली महिलाओं की आय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन उन्हें मशरूम की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इसकी शुरूआत अदाणी पावर प्लांट के समीपवर्ती गांव मोतिया में 35 से ज्यादा स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर की गयी। विशेषज्ञ प्रशिक्षक मनीष कुमार और सोनू कुमार ने महिलाओं को मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ मशरूम उत्पादन से होनेवाले लाभ के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मुख्यतः तीन अलग-अलग प्रकार के मशरूम होते हैं जिसमें मिल्की, ऑयस्टर और बटन मशरूम शामिल है। ऑयस्टर मशरूम की खेती बहुत आसान और सस्ती है। इसमें दूसरे मशरूम की तुलना में औषधीय गुण भी अधिक होते हैं एवं इस मशरूम में सबसे अच्छी बात होती है कि इसे किसान सुखाकर भी बेच सकते हैं। इसका स्वाद भी अन्य मशरूमों की तुलना में बेहतर होता है। मशरूम की खेती कर महिलाएं सालों भर कम लागत से अधिक मुनाफा कमा सकती हैं। मशरूम के एक बैग को तैयार करने में लगभग 50 रुपए की लागत आती है जिसे बेचकर एक महिला प्रतिदिन 200 से 300 रुपए तक मुनाफा कमा सकती हैं जिससे हर महीने औसतन पांच हजार से छह हजार रुपये तक की आमदनी होगी। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मशरूम की खेती के साथ आर्थिक फायदे के लिए मशरूम की बाजार में बिक्री करने के माध्यमों के बारे में भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों के साथ गांव के पंचायत समिति के गण्यमान सदस्य भी मौजूद रहे. अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम कई गांवों में अगले दस दिनों तक चलाए जायेंगे और इस कार्यक्रम से 500 महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है ताकि गांव में रहने वाली महिलाओं को रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़कर उनके आजीविका के साधनों में वृद्धि करने का लक्ष्य हासिल किया जा सके, जिससे वे आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वावलम्बी बन सकें।

## जिलाधिकारी ने गरीब, असहाय, भिक्षुको, वृद्धों एवं दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया

नई सोच एक्सप्रेस





**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने ठंड के मद्देनजर निर्धन, असहाय, बेसहारा वृद्धों, भिक्षुको एवं दिव्यांगजनों के बीच रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक, दो, तीन, यात्री शेड तथा रेलवे परिसर में ऊनी कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने असहाय लोगों की स्थिति का भी जायजा लिया एवं वितरण के दौरान दो वृद्धजनों को तुरंत वृद्धाश्रम में आश्रय दिलाने का निर्देश सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा को दिया। दोनों वृद्धजनों को जिला में संचालित शांति नगर, मल्लाहचक स्थित वृद्धाश्रम में स्थानांतरित कर दिया गया है। जहां वृद्धजनों को आवासन, भोजन, रख रखाव एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं मुहैया होगी। जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को निर्देश दिया कि ठंड का जायजा लेते रहे एवं जरूरतमंदों को गर्म कंबल उपलब्ध करायें। जिला में कंबलों का विकेंद्रित वितरण हो सके एवं पूरे जिला के जरूरतमंद इससे लाभ उठा सकें। इस हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सभी प्रखंडों में भी वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड स्तर पर भी कंबल उपलब्ध करा दिए गये हैं। बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने कंबलों का वितरण शुरू किया है एवं यह प्रक्रिया पूरे ठंड के मौसम के दौरान जिला में जारी रहेगा। कम्बल वितरण के दौरान उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंहा, विशेष कार्य पदाधिकारी राहुल कुमार एवं सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा, पूनम कुमारी उपस्थित थे।

## मवेशी चोरी करने आए हथियारबंद अपराधियों ने दो लोगो को मारी गोली, एक की घटनास्थल पर ही मौत

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। घोसी थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव में मवेशी चोरी करने आए हथियारबंद अपराधियों ने दो लोगो को गोली मार दी। जिससे एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए पी.एम.सी.एच रेफर कर दिया गया है। मृतक का नाम जटहु मांझी बताया जा रहा है जबकि घायल युवक का नाम बाबूचंद मांझी बताया जा रहा है। ये दोनों रिश्ते में मामा भांजा है। घटना के संबंध में घायल बाबूचंद मांझी ने बताया कि कल रात में पांच-सात की संख्या में आये हथियारबंद मवेशी चोर चोरी करने आये थे। जिसे देख कर शोर मचाया तो दनादन गोली चला दी। जिससे एक गोली मामा के सिर में लग गयी और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी जबकि अपराधियों ने मेरे ऊपर भी गोली चलाई जो मेरे जांघ में लग गयी। मवेशी चोरी करने के नियत से आये चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीणों की माने तो अपराधियों ने ताबातोड़ कई राउंड फायरिंग भी की है। वहीं इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और घायल शख्स को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन करने में जुटी है।

## पुष्पा 2 सिंगर कैलाश खेर का मुम्बई में लाइव कंसर्ट, आईएमईयू व विरेन्द्र शंकर द्वारा आयोजित शो रहा सफल

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई**। पद्मश्री महान गायक कैलाश खेर ने मुम्बई के इनऑर्बिट मॉल में लाइव कंसर्ट में श्रोताओं को अपने गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया। विरेन्द्र शंकर द्वारा आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम में संगीतप्रेमियों और कैलाश खेर के फैन्स की बेपनाह भीड़ उमड़ी। सभी ने उनके गीतों को खूब एन्जॉय किया। आईएमईयू द्वारा प्रस्तुत इस म्यूजिकल शो कैलाश खेर लाइव कंसर्ट 2024 के स्पॉन्सर शेयर बाजार कम्पनी बिगुल, आईआईएफएल, सोसाइटी आइस टी, ब्राइट आउटडोर मीडिया, Assure और श्री गणगौर स्वीट्स थे। प्रोग्राम में चीफ गेस्ट के रूप में बिगुल के मिस्टर एसपी गोयल जी और शिवकुमार गोयल जी भी मौजूद थे। भारत के सबसे बड़े शोज़ में से यह एक सफल शो रहा। इस शो का कॉन्सेप्ट और डायरेक्शन विरेंद्र शंकर का था। इस कार्यक्रम में सिंगर कैलाश खेर ने खूब एंटरटेन किया। कैलाश खेर ने कहा कि इस शानदार प्रोग्राम का आयोजन विरेंद्र शंकर ने बखूबी किया, वह बधाई के पात्र हैं। यह कंपनी सब की है, आप सब की है। श्रोता और दर्शक हमारी चमक और नूर हैं। ऑडिएंस है तो हम हैं इसी तरह आप हमें आशीर्वाद देते रहिए। इस इवेंट कंपनी आईएमईयू को आप सपोर्ट करते रहिए। इनऑर्बिट मॉल का भी आभार जो हमारे वेन्यू पार्टनर हैं। सभी स्पॉन्सर्स का शुक्रिया। मीडिया पार्टनर फेम मीडिया ने भी अपनी भूमिका अच्छी तरह निभाई। आप सब इसी तरह अच्छे शोज़ का आनंद लेते रहें, बस इस कंपनी का नाम याद रखिए आईएमईयू।" इस म्यूज़िकल शो में हर्ष शंकर ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। बता दें कि वीरेंद्र शंकर संगीत की विरासत को आगे बढ़ाते हुए इतने अच्छे कार्यक्रम का आयोजन करते रहते हैं। आयोजक वीरेंद्र शंकर ने कहा कि दिसम्बर के इस सुहाने महीने में हमने पुष्पा 2 से और ज्यादा चर्चा में आए कैलाश खेर के म्यूजिकल शो का आयोजन किया। यहां लोगों का रेस्पॉन्स कमाल का रहा।

## कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक जारी किया

kotak Securities

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो - इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ - साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा।

## आर्थिक बदहाली की सीधे जिम्मेदार सरकार

सरकार ने पेट्रोलियम की कीमतों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की नीति पर सचमुच अमल किया होता, तो साढ़े 36 लाख करोड़ रुपये लोगों की जेब में बचते। इतना पैसा उपभोग क्षेत्र में जाता। बेशक उससे बाजार को जो बल मिल सकता था। संसद में बताया गया है कि 2019-20 से 2023-24 तक केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पर कर/ उपकर/ शुल्क से 36,58,354 करोड़ रुपये वसूले। ध्यान दीजिएः 2024-25 के आम बजट में सरकार की कुल आमदनी का अनुमान 30,80,274 करोड़ रुपए लगाया गया है। 2019-20 में यह रकम 20,82,589 करोड़ रुपये थी। तो पांच साल में पेट्रोलियम पर टैक्स से सरकार ने उतनी रकम बटोर ली, जो इनमें से किसी एक वर्ष में उसे हुई आमदनी से ज्यादा है। इस दौर में बुनियादी मानव विकास से संबंधित योजनाओं के बजट में कटौती का सिलसिला भी चला है। तो वाजिब सवाल कि है सारी अतिरिक्त आय गई कहां? अब इसी हफ्ते कुछ संकेत संसद में दिए गए एक अन्य आंकड़े पर गौर करेः 2023-24 सरकारी बैंकों ने एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए। पांच साल में ये रकम लगभग नौ लाख करोड़ रुपये बैठती है। इसके अलावा सरकार कह सकती है कि वह इन्फ्रास्ट्रक्चर में पूंजीगत निवेश पर हर साल दस लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। देश में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव योजना पर भी बड़ी रकम खर्च हुई है। इसके अलावा 2019 में कॉरपोरेट टैक्स में दी गई छूट के कारण सरकार पर लाखों करोड़ रुपये का बोझ पड़ा। बहरहाल, यह प्रश्न अनुत्तरित है कि की सरकार की इन प्राथमिकताओं से आम जन को क्या हासिल हुआ? जिस समय मध्य वर्ग का ह्रास एक आम कथानक बन चुका हो और उद्योग जगत बाजार सिकुडऩे की शिकायत कर रहा हो, तो यह अवश्य पूछा जाएगा कि आम लोगों की जेब से कॉरपोरेट सेक्टर धन ट्रांसफर करने की नीति पर पुनर्विचार करने के लिए सरकार तैयार क्यों नहीं है? कल्पना कीजिए कि सरकार ने पेट्रोलियम की कीमतों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की नीति पर सचमुच अमल किया होता। तब साढ़े 36 लाख करोड़ रुपये लोगों की जेब में बचते। इतना पैसा उपभोग क्षेत्र में जाता। उससे बाजार को जो बल मिलता, वह बेशक आर्थिक आंकड़ों में झलकता। तो क्या आज की आर्थिक बदहाली की सीधी जिम्मेदारी सरकार पर नहीं जाती है?

## रैगिंग के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं

पिछले दिनों गुजरात के पाटन में एक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के कारण 18 साल के एक छात्र की मौत के बाद उम्मीद जगी थी कि कॉलेजों में रैगिंग के मामलों पर रोक लगेगी लेकिन उसके बाद भी जिस प्रकार आये दिन देश भर से रैगिंग के मामले सामने आ रहे हैं, उन्हें देखते हुए कॉलेजों में रैगिंग को लेकर तत्काल कड़े कदम उठाने की जरूरत महसूस होने लगी है। पाटन मेडिकल कॉलेज में रैगिंग से छात्र की मौत के मामले में खुलासा हुआ है कि 15 सीनियर छात्रों ने उस जूनियर छात्र सहित कई छात्रों से लगातार तीन घंटे डांस करवाया, गाने गवाए और उन्हें शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। मानसिक-शारीरिक यातना दिए जाने के कारण अनिल मेथानिया आधी रात को बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के द्वितीय वर्ष के 15 छात्रों को गैर-इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रैगिंग पर लगाम कसने को लेकर देश भर के तमाम शिक्षण संस्थानों में सख्ती बेहद जरूरी है क्योंकि हर साल ऐसे अनेक मामले सामने आते हैं, जिनमें रैगिंग के शिकार छात्र अवसाद के शिकार हो जाते हैं, कुछ रैगिंग से डर कर पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं, तो कुछ मौत को गले लगा लेते हैं। रैगिंग रोकने के लिए सख्त अदालती दिशा-निर्देश हैं, लेकिन जिस प्रकार रैगिंग के मामले सामने आ रहे हैं, उससे चिंता बढऩा स्वाभाविक है। हिमाचल के एक मेडिकल कॉलेज में 2009 में रैगिंग से एक छात्र की मौत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने देश के शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी कानून सख्ती से लागू करने के आदेश दिए थे, जिसके तहत दोषी पाए जाने वाले छात्र को तीन साल के सश्रम कारावास और आर्थिक दंड का प्रावधान था। दोषी छात्र को कॉलेज तथा हॉस्टल से निलंबित या बर्खास्त किया जा सकता है। उसकी छात्रवृत्ति तथा अन्य सुविधाओं पर रोक, परीक्षा देने या परीक्षा परिणाम घोषित करने पर प्रतिबंध लगाने के अलावा अन्यत्र उसके दाखिले पर भी रोक लगाई जा सकती है। रैगिंग के मामले में कार्रवाई न करने अथवा मामले की अनदेखी करने पर कॉलेज के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है, जिसमें कॉलेज पर आर्थिक दंड लगाने के अलावा कॉलेज की मान्यता रद्द करने का भी प्रावधान है। अदालत के दिशा-निर्देशों के तहत किसी छात्र के रंग-रूप या उसके पहनावे पर टिप्पणी करके उसके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाना, उसकी क्षेत्रीयता, भाषा या जाति के आधार पर उसका अपमान करना, उसकी नस्ल या पारिवारिक पृष्ठभूमि पर अभद्र टिप्पणी करना या उससे जबरन किसी प्रकार का अनावश्यक कार्य कराया जाना रैगिंग के दायरे में सम्मिलित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा देश के प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में रैगिंग के खिलाफ एक समिति बनाने से लेकर संबंधित नियमों का पालन नहीं करने पर संस्थान की मान्यता रद्द करने तक के सख्त निर्देश हैं, लेकिन रैगिंग के लगातार सामने आते मामलों को देख कर हैरानी होती है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरिजीत पसायत, जस्टिस डी. के. जैन तथा जस्टिस मुकुंदकम शर्मा की खंडपीठ ने रैगिंग रोकने के लिए 11 फरवरी, 2009 को पहली बार बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए कहा था कि रैगिंग में मानवाधिकार हनन जैसी गंध आती है। खंडपीठ ने राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर रोक लगाने के लिए राघवन कमेटी की सिफारिशों को सख्ती से लागू करने का निर्देश देते हुए कहा था कि रैगिंग रोकने में विफल शिक्षण संस्थाओं की मान्यता रद्द करें। 2001 में भी सुप्रीम कोर्ट ने उन्नीकृष्णन समिति की सिफारिश के आधार पर रैगिंग पर प्रतिबंध लगाते हुए इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान करते हुए अपने आदेश में स्पष्ट कहा था कि शिक्षा परिसरों में रैगिंग रोकना शिक्षा संस्थानों का नैतिक ही नहीं, कानूनी दायित्व भी है, जिसे न रोक पाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में लाया जाएगा और ऐसे संस्थानों की संबद्धता तथा उन्हें प्रदत्त सरकारी वित्तीय सहायता समाप्त की जा सकती है। कोर्ट का स्पष्ट कहना था कि रैगिंग के नाम पर दुर्व्यवहार रोकना कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य,अधिकारियों तथा छात्रावास अधीक्षकों की जिम्मेदारी बनती है। एक विद्यार्थी कितने सपने संजो कर कॉलेज की दहलीज पर पहला कदम रखता है, और उससे भी अधिक उसके माता-पिता या अभिभावकों की आशाएं और अरमान उससे जुड़े होते हैं किंतु रैगिंग रूपी दानव एक ही झटके में उन सपनों, आशाओं और अरमानों पर भारी पड़ जाता है।

# क्या शरद और उद्धव अब महाराष्ट्र की सियासत में हाशिए पर आ गये है?



आरती कुमारी

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अगुआई में महायुति की शानदार जीत ने दो सियासी खानदानों का सूपड़ा साफ कर डाला है- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बुजुर्ग नेता शरद पवार और शिवसेना के उद्धव बालासाहब ठाकरे। दोनों नेताओं ने सूबे की उथल-पुथल भरी राजनीति के कई दौर देखे और झेले लेकिन इस चुनाव में हुई शर्मनाक हार ने इन्हें कहीं का नहीं छोड़ा है। दोनों के दल कांग्रेसनीत महाविकास अघाड़ी का हिस्सा थे। पवार की राकांपा को 10 और ठाकरे के शिवसेना वाले धड़े को महज 20 सीटें मिली हैं। यह दोनों का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। पवार के भतीजे युगेंद्र उन्हीं की परंपरागत सीट बारामती पर अपने चाचा अजित पवार से भारी अंतर से हार गए। यह चुनावी हार इसलिए भी बहुत भारी है क्योंकि पहले ही एकनाथ शिंदे और अजित पवार की बगावत के कारण दोनों दल दो फाड़ हो चुके थे। इस विभाजन के चलते शरद पवार और ठाकरे से उन्हीं की पार्टी का नाम और निशान दोनों छिन गया था और पार्टी की असली विरासत के तौर पर उनकी वैधता ही संकट में पड़ गई थी। आज स्थिति यह है कि शिंदे और अजित पवार के पार्टी तोड़ने और बगावत करने का मुद्दा मतदाताओं के बीच बहस से गायब हो चुका है। जानकारों की मानें, तो विधानसभा चुनावों के नतीजे साफ दिखाते हैं कि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने शिवसेना और राकांपा के किन धड़ों को अपनी स्वीकृति दी है। तो क्या यह शरद पवार और उद्धव ठाकरे के सियासी वजूद का अंत है? राजनीति के जानकारों की मानें, तो 83 वर्ष के पवार अब उम्र की ऐसी ढलान पर हैं कि यह चुनाव शायद उनका अंतिम था। अपनी पार्टी 2012 से चला रहे ठाकरे भी अब अस्वस्थ रह रहे हैं। इसलिए सवाल बना हुआ है कि क्या दोनों नेता 2029 में होने वाले लोकसभा और असेंबली चुनावों में मोर्चा संभाल पाएंगे या नहीं। उद्धव ठाकरे के लिए राहत की बात बस इतनी सी है कि उनका बेटा आदित्य ठाकरे वर्ली से और चचेरे भाई वरुण सरदेसारी बांद्रा से जीत गए हैं। उन्हें शिवसेना की अगली पीढ़ी का नेतृत्व माना जा रहा है। उद्धव के चचेरे भाई राज ठाकरे के लिए भी चुनाव निराशाजनक साबित हुआ। शिवसेना के विकल्प के तौर पर 2006 में राज ने महाराष्ट्र नवनिर्माण पार्टी बनाई थी। उसे इस बार एक भी सीट नहीं मिली। राज के बेटे अमित ठाकरे माहिम से चुनाव लड़कर तीसरे नंबर पर रहे। बंबई की क्षेत्रीय राजनीति के जुड़े जानकार लोगों का मानना हैं कि उद्धव की शिवसेना और राकांपा के लिए यह चुनाव झटका साबित हुआ है लेकिन ऐसा भी नहीं कि उससे उबरा न जा सके। वे कहते हैं, ''सीमित वित्तीय संसाधनों और जबरदस्त दबाव में भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ना आसान काम नहीं है, खासकर तब जब कि आपकी मूल पार्टी और उसके नेताओं को ही तोड़ लिया गया हो। इसके बावजूद ठाकरे और पवार जमीन पर मजबूती से बने रहे और भाजपा के खिलाफ लड़े। इस चुनावी नतीजे को दोनों दलों के टूटने के बाद निवर्तमान विधायकों की ताकत के संदर्भ में विश्लेषित किए जाने की जरूरत है। 2019 के असेंबली चुनाव में अविभाजित सेना के 56 विजयी विधायकों के बीच शिंदे 41 को लेकर निकल गए थे और ठाकरे के पास पंद्रह बचे थे। इसी तरह अजित पवार ने राकांपा के 54 विधायकों में से 41 को तोड़ लिया था और शरद पवार के खेमे में केवल तेरह विधायक बचे थे। इन बचे हुए विधायकों को भाजपा के खिलाफ लड़वा कर जितवाना कोई आसान काम नहीं था। इस संख्या को कायम रखना जबकि उनके पास अपने खेमे में कुछ भी प्रभावी नहीं बचा था, मामूली बात नहीं है। यह खराब प्रदर्शन नहीं कहा जा सकता। अब दोनों दलों को जमीनी स्तर पर अपना पार्टी संगठन और काडर मजबूत करने की जरूरत होगी। तात्कालिक जरूरत यह है कि दोनों नेता अपने खेमों को एकजुट रखें और अपने किसी भी विधायक को सत्ताधारी खेमे में न जाने दें। जानकारों का यह भी कहना है कि उद्धव ठाकरे को विचारधारात्मक अंतर्विरोधों को भी हल करना होगा जिसके चलते उनके जनाधार को चोट पहुंची है और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तनाव पैदा हुआ है। उद्धव की शिवसेना ने पार्टी के मूल वैचारिक एजेंडे- मराठी मानुष और आक्रामक हिंदुत्व- को हल्का कर दिया था जिसके चलते उसके बहुत से वोटर छिटक गए। मुंबई, नासिक और पुणे के शहरी इलाकों का परंपरागत मराठी वोटबैंक शिंदे के धड़े के साथ चला गया जबकि आक्रामक हिंदुत्व की चाह रखने वाले वोटर सीधे भाजपा के संग हो लिए। वैचारिक मोर्चे पर संकट इसलिए भी गहरा गया क्योंकि लोकसभा चुनाव के दौरान उद्धव के धड़े ने मुसलमानों को एकजुट करने की कोशिश की जिसके आधार पर महाविकास अघाड़ी को करीब तीस लोकसभा सीटों पर जीत मिली। ठाकरे का सेकुलर हिंदुत्व और मुसलमान समर्थक रवैया ही शिव सेना की छवि के लिए संकट पैदा कर रहा है। उन्हें इन छवियों से निपटने की जरूरत होगी। ठाकरे के पास मुंबई के निकाय चुनावों के दौरान अपनी ताकत दिखाने का मौका है। लंबे समय से लंबित बृहन्मुंबई नगर निगम के चुनावों की घोषणा बहुत जल्द हो सकती है क्योंकि भाजपा को अब भारी बहुमत मिल चुका है। बीएमसी देश का सबसे पैसे वाला नगरी निकाय है जिसका बजट पचास हजार करोड़ रुपये है। बीएमसी का पिछला चुनाव 2017 में हुआ था और मार्च 2022 में उसका कार्यकाल खत्म हो गया था। उसके बाद से निगम आयुक्त के फैसलों पर ही बीएमसी काम कर रहा है। आयुक्त को राज्य सरकार नियुक्त करती है। अविभाजित शिवसेना ने निगम चुनावों के रास्ते ही पहली बार सत्तर के दशक में अपनी सियासी प्रतिस्पर्धा साबित की थी। 1985 के बाद से केवल चार मौकों को छोड़ दें तो शहर का मेयर लगातार शिवसेना का ही रहता आया था। बीएमसी में सेना की सत्ता होने का मतलब मुंबई पर राज होता था- यानी उस शहर पर राज, जो देश की वित्तीय और व्यावसायिक राजधानी है। इसीलिए मुंबई को ठाकरे परिवार से मुक्त कराना भाजपा के एजेंडे पर बहुत पहले से रहा है। ऐसा 2019 से पहले मुमकिन नहीं हो सकता था क्योंकि तब तक दोनों गठबंधन में थे। अब भाजपा के लिए बीएमसी का चुनाव जीतना बहुत अहम होगा। उतना ही अहम यह उद्धव की शिवसेना यूबीटी के लिए भी होगा। भाजपा और शिंदे की शिवसेना बीते चुनावों की कामयाबी से फूले हुए हैं तो वे बीएमसी जीतने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ने वाले हैं। बीएमसी का चुनाव ठाकरे के लिए बहुत बड़ी चुनौती है लेकिन यह एक मौका भी है कि वे असेंबली की हार को पीछे छोड़ कर अपने संगठन को मजबूत कर पाएं तथा वफादार कारपोरेटरों को अपने साथ जोड़े रख पाएं। सियासी हलकों में कयास लगाए जा रहे थे कि अपने दलों की चुनावी हार से उबरने के लिए शरद पवार और उद्धव ठाकरे अपने-अपने धड़े का विलय अजित पवार और शिंदे के धड़ां के साथ कर देंगे लेकिन चुनाव परिणामों के घोषित होने के चौबीस घंटे के भीतर ही पवार ने सतारा जिले के कराड में अपनी पहली मीडिया वार्ता के दौरान ऐसी बेबुनियाद अफवाहों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, ''ऐसा नतीजा देखने के बाद कोई भी घर पर बैठ जाता, लेकिन मैं घर बैठने वालों में से नहीं हूं। मैं राजनीतिक कार्यकर्ताओं की अगली पीढ़ियों को तैयार करने में अपनी ताकत लगाऊंगा और उन्हें जनता के लिए काम करने को प्रोत्साहित करूंगा।''


# सीरिया में तख्तापलट



संजय सोंधी, उप सचिव, भूमि एवं भवन विभाग

अंततः मध्य पूर्व के देश सीरिया में लगभग 11 वर्षों के गृहयुद्ध के पश्चात विद्रोहियों ने राष्ट्रपति बसर अल असद का तख्ता पलट दिया और सीरिया की राजधानी दमिश्क पर कब्ज़ा कर लिया 1 बसर अल असद को भागकर रूस में शरण लेनी पड़ी है 1 यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि वो ऑस्ट्रेलिया चले जाएंगे 1 बसर अल असद अपने पिता हाफिज अल हसद की मृत्यु के बाद राष्ट्रपति बने थे 1 उनके पिता हाफिज अल असद ने भी 1971 से 2000 तक सीरिया पर निरंकुश शासन किया था 1 वर्ष 2011 में कई देशों में (अरब स्प्रिंग) के नाम से जन विद्रोह प्रारंभ हुए थे 1 जिनमें कई देशों के तानाशाहों को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी थी 1 यथा – ट्यूनीशिया और लीबिया 1 वर्ष 2011 से ही सीरिया में भी बसर अल असद के शासन के ख़िलाफ़ जनता ने अपना विरोध करना प्रारंभ कर दिया था 1 जिसका जवाब जनता के विरोध को सैन्य ताकत से कुचल कर दिया गया इसके बाद बसर अल असद के शासन के ख़िलाफ़ जनता के विरोध ने सशस्त्र रूप धारण कर लिया और सीरिया में गृहयुद्ध प्रारंभ हो गया 1 सीरिया में सत्तारुढ़ वर्ग शिया धर्मावलंबी हैं और इसी कारण इसे ईरान का खुला समर्थन प्राप्त हुआ 1 अरब स्प्रिंग को बढ़ावा देने में पश्चिमी देशो विशेषकर अमेरिका का बहुत बड़ा हाथ रहा था 1 सीरिया का सत्तारूढ़ वर्ग रूस समर्थक माना जाता रहा हैं 1 इसी कारण रूस ने भी खुलकर बसर अल असद का समर्थन किया 1 ईरान और रूस के समर्थन के कारण ही 2015 में बसर अल असद किसी प्रकार अपनी सत्ता को गंवाने से बचा पाए थे 1 इन 13 वर्षों में ईरान और रूस ने सीरिया की सत्तारुढ़ बाथपार्टी और उसके नेता बसर अल असद का खुला समर्थन किया 1 पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर हमला किए जाने से स्थिति में निर्याणक परिवर्तन आना प्रारंभ हुआ 1 इजराइल ने हमले का बदला लेते हुए पहले हमास को नेस्तानाबूद कर दिया 1 इसके बाद लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला पर भी हमला कर उसे काफी हद तक कमजोर कर दिया 1 हिजबुल्ला समूह ईरान की शह पर सीरिया की सरकार को मदद किया करता था 1 यहाँ यह बात गौरतलब हैं कि सीरिया , लेबनान और इजराइल सभी सीमावर्ती देश हैं 1 इस स्थिति में एक अन्य परिवर्तन और आया कि तुर्की ने खुले तौर पर दो विद्रोही संगठनों हयात ताहिर-अल शाम (HTS) और सीरियन नेशनल आर्मी (SNA) का खुला समर्थन करना प्रारंभ कर दिया 1 तुर्की ने सीरिया में इसलिए हस्तक्षेप किया कि वह मध्य पूर्व के मामलों में अपनी ज्यादा बड़ी भागीदारी देख रहा हैं 1 इसके अलावा सीरिया के तानाशाह बसर अल असद तुर्की के कुर्द विद्रोहियों को समर्थन कर रहे थे 1 कुर्द विद्रोही तुर्की , ईराक और सीरिया के कुछ हिस्सों को मिलाकर एक पृथक कुर्दिस्तान का निर्माण करना चाहते हैं 1 कुर्द लोग इस क्षेत्र में हमेशा से ही भेदभाव का शिकार होते रहे हैं 1 यहीं कारण हैं कि वो अपने लिए पृथक कुर्दिस्तान राष्ट्र बनाना चाहते हैं 1 इस प्रकार मध्य पूर्व के मामलों में निश्चित तौर पर तुर्की की स्थिति मज़बूत हो रही है 1 इसके साथ ही तुर्की के राष्ट्रपति रजत तैयब अर्दुअन की स्थिति तुर्की की आंतरिक राजनीति में भी मज़बूत हो रही है 1 इस घटनाक्रम का सबसे बड़ा नुकसान ईरान को उठाना पड़ा है 1 पिछले एक वर्ष में ईरान समर्थक हमास और हिजबुल्ला काफी हद तक कमज़ोर कर दिए गए हैं 1 अब सीरिया की शिया सरकार भी जाती रही है जिसे ईरान का खुला समर्थन प्राप्त था 1 ईरान एक शिया बाहुल्य देश है और यह अपने आपको दुनिया भर के शियाओं का स्वाभाविक नेता समझता है 1 रूस भी अपनी समर्थन वाली सरकार को बचाने में असफल रहा है 1 हाफ़िज़ अल असद के समय से ही रूस का सीरिया की बाथपार्टी को खुला समर्थन रहा था 1 पूरे घटनाक्रम में इजराइल को सर्वाधिक लाभ हुआ है 1 अब हमास और हिजबुल्ला के पश्चात् उसका एक अन्य कट्टर विरोधी बसर अल असद भी सीरिया में तख्ता पलट कर दिया गया है 1 इस प्रकार इजरायल ने निश्चित रूप से राहत की सांस ली होगी और उसकी स्थिति मध्य पूर्व में पहले से अधिक मज़बूत हो गई है 1 इसके अतिरिक्त इजरायल के गॉड फादर अमेरिका को भी सहज़ ही अपने घुर विरोधियों ईरान और रूस को गच्चा दे पाने में सफलता मिली है 1 इस पूरे घटना क्रम में सर्वाधिक नुकसान ईरान और रूस का हुआ है और उनका प्रभाव मध्य पूर्व में बहुत कम हो गया है 1 सीरिया में ईरान समर्थक सरकार के न रहने से हथियारों की तस्करी पर रोक लग जाएगी जिससे ईरान समर्थक हिजबुल्ला गुट जो कि लेबनान में सक्रिय है कि स्थिति काफी कमज़ोर हो जाएगी 1 इसके साथ ही सीरिया के माध्यम से रूसी हथियार अवैध रूप से ईरान तक पहुँचते थे, इस पर भी रोक लग जाएगी 1

## शब्द पहेली - 8338




### बाएँ से दाएँ

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

### ऊपर से नीचे

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

### शब्द पहेली -8337 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। आपकी किसी पुरानी गलती के लिए आपको परिवार में वरिष्ठ से माफी मांगनी पड़ सकती है। आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें ,जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में आपके धन की व्ययता रहेगी। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

**सिंह राशिः** आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपके अपने व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं। जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों के लिए नए अवसर मिलने की संभावना है। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में मैं रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले ,अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसलटेंट टीम से बातचीत करेंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है।आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

**मकर राशिः** आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। किसी से लिया ऋण आज वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियां कम होंगी आपका मन हल्का होगा। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अन बन आज खत्म हो जायेंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए। करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके बिगड़े हुए कार्यों में सुधार होगा। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है।आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं अकस्मात आपके किसी अति प्रिय रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी।

# रोहित से तीसरे टेस्ट में पारी की शुरुआत कराना सही नहीं : डोड्डा गणेश

**मुम्बई।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज डोड्डा गणेश ने कहा है कि तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा से पारी की शुरुआत कराना सही नहीं होगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम पर उतरे थे और उसमें असफल रहे थे। ऐसे में कुछ दिग्गजों का ये भी मानना है कि रोहित अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, इसलिए पारी उनसे ही शुरु करने को कहना चाहिये। वहीं डोड्डा का कहना है कि इस प्रकार की गलती नहीं करनी चाहिये क्योंकि रोहित फार्म में नहीं है जिससे उनका मनोबल भी घट हुआ है। ऐसे में उन्हें पारी शुरु करने को कहना जोखिम भरा होगा। इस पूर्व क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर कहा कि रोहित पहले से ही आत्मविश्वास और रन की कमी से जूझ रहे हैं और ऐसे में उनसे गाबा में पारी शुरु करने का आग्रह करना मूर्खतापूर्ण होगा। ये सीरीज उपमहाद्वीप में नहीं खेली जा रही है जहां वह असानी से कुछ रन बना सकें। वैसे भी ऑस्ट्रेलिया में रोहित का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। उनका यहां औसत 30 ही है। एक सलामी बल्लेबाज के रूप में उनका औसत 37.8 है पर वह इस जगह पर ज्यादा बढ़ी पारियां




नहीं खेल पाए हैं। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा की पिच भी अलग तरीके की चुनौतियां लेकर आएगी। ब्रिस्बेन पिच पर उछाल और गति पर पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे ट्रैक पर भारतीय बल्लेबाजों से सटीक फुटवर्क की मांग होनी थी पर ऐसा हो नहीं पाया। रोहित की खराब फॉर्म ने चिन्ता को और बढ़ा दिया है। वह पहले टेस्ट से बाहर रहे थे जबकि दूसेर टेस्ट में केवल 3 और 6 का स्कोर ही बना पाए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह असफल रहे थे।

# शमी शामिल किये गये तो हर्षित राणा होंगे बाहर

**मुम्बई।** भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हार के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी को टीम में शामिल करने की मांग उठने लगी है। शमी आजकल घरेलू क्रिकेट खेलकर अपनी फिटनेस साबित करने का प्रयास कर रहे हैं। टीम प्रबंधन उन्हें पूरी तरह से फिट होने पर ही टीम में जगह देना चाहता है। कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि शमी को जल्दबाजी में शामिल कर वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में अगर पूरी तरह से फिट होने पर शमी को टीम में शामिल भी किया गया तो युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को बाहर बैठना पड़ सकता है। इसी दौरे पर डेब्यू करने वाले इस युवा ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया है पर अभी उन्हें काफी सुधार की जरूरत है। भारत ने दूसरे टेस्ट के लिए आर अश्विन को टीम में शामिल किया था पर वह भी कुछ खास असर नहीं छोड़ पाए। ऐसे में अश्विन की जगह वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह



मिल सकती है। वैसे भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप को देखते हुए भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा बेहद अहम है। इस सीरीज में बड़ी जीत से टीम के फाइनल की उम्मीदें बनेंगी। इस कारण रोहित शर्मा ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल किए जाने की बात कही. उनका कहना था कि टीम के दरवाजे दिग्गज के लिए हमेशा खुले हैं। पहले टेस्ट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रनों से जीत दर्ज की थी पर दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरी सामने ला दी। इस हार के बाद तीसरे टेस्ट से पहले भारत को कई और मामलों पर भी विचार करना होगा. जिसमें अनुभवी विराट कोहली के साथ ही रोहित का खराब फॉर्म भी है। इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बढ़ते बोझा पर भी चर्चा होगी. तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जो तेज और उछाल भरी पिचों के लिए जाना जाता है। ऐसे में भारतीय टीम में बदलाव होने की पूरी संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भारतीय टीम को अनुभवी शमी की कमी खली है। बुमराह के साथ दूसरी ओर से दवाब बनाने के लिए मोहम्मद सिराज और राणा पर्याप्त नहीं रहे। ऐसे में तीसरे टेस्ट के लिए टीम को एक अच्छे गेंदबाज की जरुरत है। भारत की संभावित इलेवन यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी या हर्षित राणा या आकाश दीप, मोहम्मद सिराज

# तीसरे टेस्ट में हर्षित की जगह कृष्णा को शामिल करें : हरभजन

**मुम्बई।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह पर प्रसिद्ध कृष्णा हैं को शामिल किया जाना चाहिये। हरभजन का कहना है कि हर्षित दूसरे टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये हालांकि उन्होंने पहले टेस्ट में चार विकेट लिए थे। हरभजन के अनुसार एडिलेड ओवल के खिलाफ दूसरे मैच में हर्षित मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड पर अंकुश नहीं लगा पाये और उनकी गेंदों पर काफी रन बने। वहीं रोहित शर्मा इससे सहमत नहीं हैं उनका कहना है कि किसी खिलाड़ी का दो टेस्ट के आधार पर आंकलन नहीं किया जा सकता है। रोहित ने हर्षित का बचाव करते हुए कहा कि उसने कोई गलती नहीं की है। ऐसे में उसको कैसे बाहर कर दें। साथ ही कहा, सिर्फ दो मैचों के बाद खिलाड़ियों को बाहर करना सही नहीं है। वह सिस्टम में नए हैं पर पहले टेस्ट में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर अपनी प्रतिभा दिखायी है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने दूसरे मैच में उनके अनुभव की कमी का फायदा उठाकर रन बनाये और ऐसा किसी भी नये खिलाड़ी के साथ भी हो सकता है। मुझे



लगता है कि हमें अपने खिलाड़ियों का समर्थन करने की जरूरत है। दूसरी ओर हरभजन राणा को एक और मैच खिलाये जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं पहले टेस्ट के लिए उनके पक्ष में नहीं था, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें आगे बढ़ाया। आपके पास बेंच पर बैठे कृष्णा हैं और उन्हें तीसरे टेस्ट में मौका मिलना चाहिए। वह अच्छे गेंदबाज हैं।

# रिटेन नहीं होना चाहते थे ऋषभ : बदानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने कहा है कि ऋषभ पंत अपनी बाजार कीमत पता करना चाहते थे, इसलिए वह टीम के साथ बरकरार नहीं रहे जबकि टीम की ओर से उन्हें अपने साथ बनाये रखने की पूरी कोशिश की गयी। बदानी के अनुसर दिल्ली कैपिटल्स ने अपने कप्तान ऋषभ को साथ रखने का प्रयास किया पर वह अधिक हासिल करना चाहते थे। इसलिए मेगा नीलामी में उतरे। इस क्रिकेटर पर आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली 27 करोड़ की लखनऊ सुपरजायंट्स ने लगाई। वहीं इससे पहले ऋषभ ने कहा था कि रिटेन नहीं होने का पैसे से कोई लेना-देना नहीं है। ऋषभ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा था कि उनके रीटेन नहीं होने के पीछे आर्थिक कारण नहीं है हालांकि यह इस क्रिकेटर ने तकरीबन डेढ़ महीने भी एक पोस्ट किया



था, इसमें उन्होंने कहा था कि वे देखना चाहते हैं कि उन पर कितनी बड़ी बोली लगेगी। बदानी ने कहा, 'यदि आप किसी खिलाड़ी को रीटेन करना चाहते हैं तो दोनों को ही इसके लिए तैयार होना होता है। हमने उनसे बात करने की बहुत कोशिश की थी। प्रबंधन ने उनसे बात करने की बहुत कोशिश पर वह तैयार नहीं हुए।' उन्होंने कहा था कि वे ऑक्शन में जाना चाहते हैं, जिससे बाजार में उनकी कीमता का पता चल सके। उनको लगता था कि रीटेन किए जाने की अधिकतम राशि (18 करोड़) से उन्हें ज्यादा रकम मिल सकती है जो सही साबित हुआ।'

# आईपीएल में लगने वाला पैसा पाक के रक्षाबजट से अधिक

**लाहौर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निलामी में जहां खिलाड़ियों पर करोड़ों की बोली लगती है। वहीं पाकिस्तान की क्रिकेट लीग पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिन्हें आईपीएल में जगह नहीं मिल पायी हो। आईपीएल 2024 में सभी 10 टीमों का कुल राजस्व पिछले 2023 का भी दोगुना हो गया है। आईपीएल 2024 का कुल राजस्व 6,797 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले सीजन 3,082 करोड़ से अधिक है। ये पाकिस्तान के रक्षा बजट की रकम से अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का 2024 में रक्षा बजट 7.64 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 2,122 अरब पाकिस्तानी रुपये था। ये रकम 6497 करोड़ भारतीय रुपये होती है। इस प्रकार पाकिस्तान के रक्षा बजट से अधिक भारतीय क्रिकेट लीग की 10 टीमों का राजस्व ही है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाज होता है। ये सब प्रायोजन करारों से संभव हुआ है। बीसीसीआई की साल 2022 में रिकॉर्ड 48,390 करोड़ की मीडिया राइट्स की डील हुई थी जो अब बढ़ गयी है। प्रसारण राजस्व के अलावा बोर्ड का कई प्रमुख ब्राडों से करार है। , इससे ही उसे 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल का ब्रांड मूल्य 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी




बढ़ा है और इसके सामने पाक का रक्षा बजट काफी कम बढ़ा है। आईपीएल की चार फ्रेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), मुंबई इंडियंस (एमआई), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी), और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने ही ब्रांड मूल्य में 100 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके अलावा पाक में क्रिकेट से होने वाली कमाई भी भारत के कारण ही है। आईसीसी की अधिकांश कमाई का बड़ा हिस्सा भारत से जाता है। पीसीबी को भी उससे ही राजस्व मिलता है। ऐसे में पीसीबी का ये कहना कि वह भी भारत में होने वाले आईसीसी मुकाबलों के लिए हाइब्रिड मॉडल चाहता है कोरी बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है।

## व्यापार

# शेयर बाजार की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत

### सेंसेक्स 81,575.96 अंक और निफ्टी 24,652.65 अंक पर

**मुंबई।** एशियाई बाजारों में तेजी के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ खुले। पिछला सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने के बाद इस सप्ताह बाजार में थोड़ी मायूसी देखी जा रही है। कोई बड़े ट्रिगर पॉइंट नहीं होने की वजह से बाजार लाल और हरे निशान के बीच झूलता हुआ दिखाई दे रहा है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स हल्की बढ़त के साथ 81,575.96 अंक पर खुला। इससे पिछले ट्रेडिंग सेशन में यह 81,508.46 पर बंद हुआ था। शुरुआती कारोबार सेंसेक्स 200 अंको के दायरे में कारोबार करता हुआ दिख रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मामूली तेजी के साथ 24,652.65 अंक पर खुला। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से लगभग आधे शेयर हरे निशान में कारोबार करते हुए दिखाई दिए। वहीं बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी50 सोमवार के ट्रेडिंग सेशन में गिरकर बंद हुए थे। सेंसेक्स 200.66 अंक की गिरावट के साथ 81,508.46 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 शुक्रवार को अपने पिछले बंद से 58.80 अंक की गिरावट के साथ 24,619 पर बंद हुआ। टाटा मोटर्स का शेयर शुरूआती कारोबार में सबसे ज्यादा चढ़ गया। इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एशियन




पेंट्स, टाइटन के शेयर भी प्रमुख रूप से हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1 फीसदी से ज्यादा गिर गया। इसके अलावा टेक महिंद्रा, अल्ट्रा सीमेंट, मारुति, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज गिरावट में ट्रेड करते हुए दिखाई दिए। वहीं चीन के शेयरों में मंगलवार को उछाल आया। ब्याज दरों दरों में कटौती और कंसम्पशन को बढ़ावा देने के चीन के नए वादों से वस्तुओं और ऑस्ट्रेलियाई डॉलर को समर्थन मिला। ग्लोबल मार्केट्स में अमेरिकी के इन्फ्लेशन डेटा से पहले गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को गिरावट में बंद हुए।

# शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन सहयोगियों का जताया आभार

### कहा, राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय पिछले 6 वर्षों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अपने सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। केंद्र सरकार ने गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह संजय मल्होत्रा को अगला गवर्नर नियुक्त किया है। मल्होत्रा 11 दिसंबर को पदभार संभालेंगे। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर, 2018 को आरबीआई के गवर्नर बनाए गए थे। बाद में तीन साल के लिए उनके कार्यकाल में विस्तार किया गया था। दास ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करके



अपने अनुभवों को साझा करने के साथ सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। उन्होंने सरकार, हितधारकों और अपने सहयोगियों को कार्यकाल के दौरान समर्थन और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। शक्तिकांत दास ने अपने संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर था और उन्होंने हमें पिछले छह वर्षों के दौरान कई चुनौतियों से निपटने में मदद की। वित्तीय क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों, विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों, उद्योग निकायों और संघों, कृषि, सहकारी और सेवा क्षेत्रों के संगठनों को उनके इनपुट और नीतिगत सुझावों के लिए भी धन्यवाद दिया। इसके साथ ही आरबीआई की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए दास ने कहा कि हमने मिलकर अभूतपूर्व वैश्विक झटकों के असाधारण कठिन दौर को सफलतापूर्वक पार किया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई एक भरोसेमंद और विश्वसनीय संस्था के रूप में और भी आगे बढ़े, यही कामना है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 यौन शोषण मामले में आजीवन सजा काट रहे आसाराम को फिर मिली 17 दिन की पैरोल
2 राजस्थानःदौसा में बच्चे को बचाने का रेस्क्यू ऑपरेशन रोका गया, नजदीक में खुदाई कर बनेगी टनल
3 सोरोस पर सवालों से बच रही कांग्रेस,संसद में गतिरोध पर किरेन रिजिजू ने कहा
4 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे किसान,शंभू बॉर्डर से सरवन सिंह पंढेर का ऐलान
5 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे 101 किसान, शंभू बॉर्डर से SKM नेता सरवन पंढेर का ऐलान
6 यूपी के हाथरस में दर्दनाक सड़क हादसा,6 लोगों की हुई मौत,8 से अधिक घायल
7 कर्नाटक हाई कोर्ट में MUDA स्कैम पर हुई सुनवाई,अगली सुनवाई 19 दिसंबर को
8 अगर कोई ताहिर हुसैन को वोट देता है तो वह दिल्ली दंगों का समर्थन करेगाःमनोज तिवारी
9 कुल्लू बस हादसे में मरने वालों की तादाद बढ़कर 3 हुई,11 घायल शिमला रेफर
10 दिल्लीःकोंडली में ऑटो ड्राइवर के घर खाना खाने पहुंचे AAP के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल
11 गौतम अडानी ने मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की
12 15 दिसंबर को दो दिनों के भारत दौरे पर आएंगे श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके
13 INDIA ब्लॉक ने राज्यसभा के महासचिव के दफ्तर में चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया
14 बांग्लादेशःBNP नेता रिजवी ने भारतीय उत्पादों के विरोध में जयपुर की बेडशीट जलाई
15 हंगामे के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित
16 दिल्लीःराज्यसभा में जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर फिर हंगामा,सदन कल तक के लिए स्थगित
17 दिल्लीःबांग्लादेश हाईकमीशन के बाहर बड़ा प्रदर्शन,हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर नाराजगी
18 राहुल-सोरोस एक हैं, बीजेपी ने एक्स पर पोस्ट के जरिए कांग्रेस को घेरा
19 कुर्ला बस हादसे के मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये देगी महाराष्ट्र सरकार
20 कुर्ला बस हादसाः ड्राइवर संजय मोरे गिरफ्तार,1 दिसंबर को ज्वाइन की थी नौकरी
21 लोकायुक्त ने कर्नाटक के 6 जिलों में 10 अधिकारियों के घर की छापेमारी
22 ममता को INDIA ब्लॉक का नेतृत्व मिलना चाहिए,कांग्रेस के विरोध से कुछ नहीं होगा,बोले लालू यादव
23 फिलीपींस में ज्वालामुखी विस्फोट, 87,000 लोगों को किया गया रेस्क्यू
24 सीरियाई राजधानी से केवल 20 KM दूर रह गई है इजरायल की सेनाःरिपोर्ट
25 मुंबईःकुर्ला बस हादसे में मौत का आंकड़ा 6 हुआ,मृतकों में 3 पुरुष और 3 महिला
26 रूस दौरे पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की आज राष्ट्रपति पुतिन से हो सकती है मुलाकात
27 ट्रंप ने हरमीत कौर ढिल्लों को बनाया अटार्नी जनरल का उम्मीदवार
28 कर्नाटक के पूर्व CM और विदेश मंत्री रहे एसएम कृष्णा का निधन
29 हम सीरियाई लोगों के लिए सबसे अच्छा भविष्य देखना चाहते हैंःसंयुक्त राष्ट्र
30 UPःसंभल जिला प्रशासन ने 10 दिसंबर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई
31 बदायूं मस्जिद विवाद में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को 10 दिसंबर को बहस पूरी करने को कहा
32 ज्ञानवापी मामले पर आज इलाहाबाद हाई कोर्ट में होगी सुनवाई
33 कुर्ला बस हादसाःतीन लोगों ने गंवाई जान,27 घायल
34 मिसाइल से लैस 'तुशिल,जिसके जलावतरण से चीन पर भारी पड़ी भारत-रूस की यारी
35 एक देश,एक चुनाव बिल संसद में जल्द हो सकता है पेश,आम जनता से भी मांगा जाएगा सुझाव
36 RBI के नए गवर्नर होंगे संजय मल्होत्रा,शक्तिकांत दास की लेंगे जगह,3 साल का होगा कार्यकाल
37 बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में सामने आया नया मोड़,लॉरेंश बिश्नोई की भूमिका नहीं,अनमोल चला रहा अलग गिरोह
38 Breaking News: जम्मू-कश्मीर में बारूदी सुरंग में Blast,जवान शहीद
39 PM मोदी 14 दिसंबर को लोकसभा में संविधान पर बहस का जवाब देंगे
40 संसद में गतिरोध समाप्त करने के लिए उपराष्ट्रपति से मिलेंगे सत्तापक्ष और विपक्ष के नेता




# पुष्पा 2 ने 2 दिनों में कमाए 400 करोड़, इंडिया में किया 250 करोड़ का आंकड़ा पार

## पहले वीकेंड में 500 करोड़ पक्के

पुष्पा 2: द रूल 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 2 : साउथ फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपनी एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 की कमाई से बॉक्स ऑफिस पर सफलता का झंडा पहले ही दिन गाड़ दिया. तकरीबन 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी पुष्पा 2 ने ओपनिंग डे के कलेक्शन से ही अपना 90 फीसदी मेकिंग बजट कवर कर लिया है. अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है. पुष्पा 2 ने पहले ही दिन वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 294 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. वहीं, फिल्म पुष्पा 2 ने पहले दिन भारत में हिंदी पट्टी में 72 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. वहीं, फिल्म ने दूसरे दिन कितना कलेक्शन किया और कुल कलेक्श कितना हुआ आइए जानते हैं. बता दें, पुष्पा 2 ने इंडिया में सभी भाषा में 174.9 करोड़ रुपये से खाता खोला है. वहीं, दूसरे दिन भारत में पुष्पा ने 90.10 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. सैकनिल्क के अनुसार, वहीं, भारत में पुष्पा का नेट कलेक्शन दो दिनों में 250 करोड़ रुपये से पार जा चुका है. पुष्पा 2 का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल नेट कलेक्शन 265 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, पुष्पा 2 ने वर्ल्डवाइड दो दिनों में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. बता दें, दूसरे दिन की कमाई से पुष्पा 2 एक शाहरुख खान की फिल्म जवान समेत सभी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. जवान ने दूसरे दिन भारत में 70 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए थे. पुष्पा 2 ने राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर मास एक्शन फिल्म आरआरआर की ओपनिंग डे कलेक्शन 225 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. पुष्पा वर्ल्डवाइड, भारत और साउथ सिनेमा की बिगेस्ट ओपनर बन गई है और साथ ही अल्लू अर्जुन के करियर की भी बिगेस्ट ओपनर बन गई है. बता दें, पुष्पा 2 ने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की सभी बिगेस्ट ओपनिंग फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ डाला है. बता दें, सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई है. फिल्म पुष्पा आज अपनी रिलीज के तीसरे दिन में और वीकेंड में पुष्पा 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन करने जा रही है.

# बड़े पर्दे के बाद अब नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई आलिया भट्ट की जिगरा



‘रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की भारी सफलता के बाद आलिया भट्ट ने ‘जिगरा के साथ बड़े पर्दे पर कम बैक किया था. ये फिल्म साल 2024 की मोस्ट अवेटेज फिल्म थी और इसका रिलीज से पहले काफी बज बना हुआ था. हालांकि वासन बाला द्वारा निर्देशित फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठंडी साबित हुई और इसकी परफॉर्मेंस काफी निराशाजनक रही. वहीं अब ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो रही है. चलिए जानते हैं आलिया के जिगरा को कब और किस प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है. ‘रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की भारी सफलता के बाद आलिया भट्ट ने ‘जिगरा के साथ बड़े पर्दे पर कम बैक किया था. ये फिल्म साल 2024 की मोस्ट अवेटेज फिल्म थी और इसका रिलीज से पहले काफी बज बना हुआ था. हालांकि वासन बाला द्वारा निर्देशित फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठंडी साबित हुई और इसकी परफॉर्मेंस काफी निराशाजनक रही. वहीं अब ये




फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो रही है. चलिए जानते हैं आलिया के जिगरा को कब और किस प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है. फिल्म में आलिया भट्ट और द आर्चीज स्टार वेदांग रैना ने भाई-बहन का किरदार निभाया है. भट्ट ने सत्या के किरदार में है जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को विदेशी जेल में मौत की सजा से बचाने के लिए एक खतरनाक यात्रा पर निकलती है. सत्या की कहानी इस बात को हाईलाइट करती है कि परिवार के लिए कोई भी व्यक्ति किसी भी हद तक जा सकता है. बता दें कि टी सीरीज के मालिक भूषण कुमार की पत्नी और एक्ट्रेस दिव्या कुमार खोसला ने फिल्म पर कहानी चुराने का आरोप लगाया था. दरअसल दिव्या की फिल्म सावी की कहानी भी ‘जिगरा से मिलती जुलती है.इसके चलते फिल्म के कलेक्शन पर बहुत बुरा असर पड़ा था.

## फिल्म तान्हाजी के सीक्वल पर लगी मुहर, अजय देवगन से भिड़ने को तैयार ऋतिक रोशन


साल 2020 में आई अजय देवगन और काजोल की फिल्म तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। ओम राउत इसके निर्देशन थे।तकरीबन 120 करोड़ रुपये की लागत





में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 367.65 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।अब लगभग 4 साल बाद तान्हाजी के सीक्वल पर मुहर लग गई है। दरअसल, राउत और अजय ने तान्हाजी 2 के लिए एक बार फिर से हाथ मिलाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अजय और राउत तान्हाजी की दूसरी किस्त के लिए साथ आ गए हैं। दोनों के बीच अब तक कई मुलाकात हो चुकी हैं।इस फिल्म में एक गुमनाम योद्धा की कहानी दिखाई जाएगी। कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो गया है।अजय और राउत भारत के इतिहास के एक ऐसे दिग्गज की जिंदगी पर फिल्म बनाना चाहते थे, जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि तान्हाजी के सीक्वल में अजय के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए ऋतिक रोशन से संपर्क किया है।


# अर्जुन उस्तरा में शाहिद कपूर संग बनी तृप्ति डिमरी की जोड़ी, भाभी 2 संग रोमांस करेंगे कबीर सिंह

तृप्ति डिमरी पहली बार शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के लिए तैयार हैं. एनिमल एक्ट्रेस विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म अर्जुन उस्तरा में शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी. वह फिल्म में लीड एक्ट्रेस की भूमिका निभाएंगी. तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म अर्जुन उस्तरा के बारे में कुछ खास जानकारी नहीं मिली है. लेकिन, एनिमल की भाभी-2 और कबीर सिंह को एक साथ देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि दोनों पहली बार किसी प्रोजेक्ट के लिए एक साथ आ रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम पहले से ही चल रहा है. बहुप्रतीक्षित फिल्म 6 जनवरी 2025 को फ्लोर पर आने वाली है. वहीं, शूटिंग शेड्यूल के प्लान के साथ, मेकर्स जल्द ही इस प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते है, क्योंकि वे 2025 में ही अर्जुन उस्तरा को सिनेमाघरों में रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं. तृप्ति डिमरी को हाल ही में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा गया. फिल्म की शानदार सफलता के बाद वह अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म धड़क 2 पर काम कर रही हैं. फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसमें उनके साथ



सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आएंगे. धर्मा प्रोडक्शंस की निर्मित यह फिल्म 2018 की हिट धड़क की बहुप्रतीक्षित सीक्वल है, जिसमें जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर ने डेब्यू किया था. ओरिजिनल फिल्म मराठी फिल्म सैराट की रीमेक थी. इस साल मई में करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए धड़क के सीक्वल की पुष्टि की थी. उन्होंने पोस्ट के जरिए धड़क 2 की रिलीज के बारे में बताया था. शाजिया इकबाल की निर्देशित, यह फिल्म पहले 22 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली थी. हालांकि, अब इसे अगले साल के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है.



# अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स फिनाले रेस 2024 में भाग लेंगी बॉलीवुड की स्त्री श्रद्धा कपूर






बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर ना सिर्फ एक्टिंग में बल्कि स्पोर्ट्स में भी दिलचस्पी रखती हैं. हाल ही में खबर आई है कि ये स्त्री अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स फाइनल रेस 2024 में भाग लेने वाली है. इसके के लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं.<अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स वर्तमान में चल रहा है, जिसकी आखिरी रेस 8 दिसंबर को निर्धारित किया गया है. अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स के पिछले सीजन में मैक्स वेरस्टैपेन ने जीत हासिल की थी, उसके बाद दूसरे स्थान पर चार्ल्स लेक्लर और तीसरे स्थान पर जॉर्ज रसेल थे. यह इवेंट गेम कैलेंडर का प्रमुख बिंदु है. यह दुनिया भर से मशहूर हस्तियों और फैंस को आकर्षित करने के लिए जाना जाता है. श्रद्धा पिछले प्रतिभागियों की लाइनअप में शामिल हो गई हैं, जिसमें प्रियंका चोपड़ा जोनस और नाओमी कैंपबेल और ऑरलैंडो ब्लूम जैसे ग्लोबल स्टार का नाम शामिल हैं. 2024 श्रद्धा के लिए एक एक शानदार साल रहा है, क्योंकि स्त्री 2 शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान को पछाड़ कर हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी हिट बनकर उभरी. ग्रैंड प्रिक्स में श्रद्धा की मौजूदगी इस इवेंट में एक अनूठी भारतीय झलक लाती है, जो खेल और मनोरंजन के दिग्गजों की मेजबानी के लिए फेमस है. श्रद्धा के लिए यह उपस्थिति एक और मील का पत्थर है, जिसने बॉलीवुड के पसंदीदा स्टार के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत किया है. वहीं, इंस्टाग्राम पर 94.2 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ, वह इंडियन एंटरटेनेमेट इंडस्ट्री की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली शख्सियतों में से एक बन गई हैं.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।